दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 213 जयपुर, गुरुवार, 13 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### इंडियन मुजाहिदीन के 4 आतंकियों को 10 साल की सजा



**नई दिल्ली।** एनआईए कोर्ट ने इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के चार आतंकियों को बुधवार को 10 साल की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश शैलेन्द्र मलिक ने देश भर में आतंकी हमलों के जरिए सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रचने के मामले में दानिश अंसारी, आफताब आलम, इमरान खान और ओबैद-उर-रहमान को आईपीसी की विभिन्न धाराओं और यूएपीए के तहत दोषी ठहराया था। इस दौरान अदालत ने कहा था कि चारों ने सात जुलाई को अपना दोष स्वीकर किया था। कोर्ट ने इन चारों को 10 जुलाई को ही दोषी करार दिया था।

### बालासोर ट्रेन हादसा: रेलवे के सात कर्मचारी निलंबित



**भुवनेश्वर।** बालासोर ट्रेन दुर्घटना के लिए कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए रेलवे के तीन कर्मचारियों सहित सात कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि दो जून को बालासोर जिले के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास तीन ट्रेन से जुड़ी दुर्घटना में 293 लोग मारे गए और 1,200 से अधिक घायल हो गए। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने कहा, 'अगर अधिकारी सतर्क होते तो दुर्घटना को टाला जा सकता था।'

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**कांग्रेस का मौन सत्याग्रह:** मौन में अभिव्यक्त हुआ कांग्रेस की एकजुटता का संदेश

# राहुल गांधी की आवाज दबाए जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा देश

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस ने राहुल गांधी के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए बुधवार को यहां शहीद स्मारक पर एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय 'मौन सत्याग्रह' किया।

इस दौरान प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पार्टी के राजस्थान सह प्रभारी वीरेंद्र राठौड़, अमृता धवन व काजी निजामुद्दीन और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, सुभाष गर्ग तथा शाले मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। रंधावा ने कहा कि भाजपा सरकार राहुल गांधी का संसद में तो बोलना बंद कर सकती है, पर उनके कार्यकर्ता, कांग्रेस के नेता और हिंदुस्तान के लोग कभी इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। रंधावा ने आगे कहा कि आपने देख लिया कि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में राहुल की आवाज का दबाने का जवाब उन लोगों ने दे दिया, और जो आगे चुनाव आ रहे हैं, उनमें भी वही परिणाम मिलेगा जो इन दोनों राज्यों में मिला। संसद में भी हम जीत कर आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमारी आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन हमारी आवाज कभी नहीं दबेगी और देश के लिए हमेशा उठती रहेगी।

**प्रदेश प्रभारी रंधावा बोले...** हिमाचल, कर्नाटक में भाजपा देख चुकी है परिणाम

### नेताओं की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग: डोटासरा

#### मिल कर लड़ेंगे चुनाव: सचिन पायलट

मौन सत्याग्रह में पहुंचे सचिन पायलट ने कहा कि साजिश के तहत केंद्र सरकार द्वारा दबाव बनाया जा रहा है और राहुल गांधी निडरता से सदन में अपनी बात रखते हैं। वे कोई व्यक्ति विशेष की नहीं, पूरे देश की बात करते हैं। केंद्र को निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिए, लेकिन केंद्रीय संस्थाओं को दुरुपयोग कर कमजोर किया जा रहा है जो कि लोकतंत्र के लिए शुभसंकेत नहीं हैं। राहुल गांधी ने हमेशा प्यार, मोहब्बत, एकजुटता की बातें कही है और अब जिस तरह उन्हें टारगेट किया गया वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। वहीं राजस्थान को लेकर पायलट ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने हाल में बैठक ली थी, जिसमें सूबे की परिपाटी तोड़ने का प्रण लिया गया है। हम राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएंगे और मिलकर चुनाव लड़ेंगे।




फोटो: पंकज शर्मा

#### जनता की अदालत में राहुल को मिलेगा न्याय: प्रदेशाध्यक्ष

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी की आवाज दबाना देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी को बोलने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी न्याय मिलेगा और जनता की अदालत में भी न्याय मिलेगा। डोटासरा ने कहा कि देश में जिस प्रकार का माहौल है, वह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।

**भरतपुर:** भाजपा नेता कृपाल जघीना हत्याकांड के मुख्य आरोपी की हत्या


# पुलिस कस्टडी में कुलदीप को गोलियों से भूना, तीन घायल

## 4 हमलावर दबोचे, मुठभेड़ में 2 हमलावरों के पैर में लगी गोली

- पुलिस रोडवेज बस में जयपुर से भरतपुर पेशी पर ले जा रही थी
- पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्च झोंक कर दिया वारदात को अंजाम
- अभी अन्य हमलावरों को पकड़ने पर है पूरा फोकस: डीजीपी उमेश मिश्रा
- बस में सवार एक महिला सहित दो यात्री भी गोलीबारी में हुए घायल



कुलदीप जघीना



विजयपाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के भरतपुर में दिनदहाड़े हुए गोलीकांड ने राज्य में एक बार फिर दहशत फैला दी। घटना भतरपुर जिले के हलेना थाना क्षेत्र के आमोली टोल प्लाजा पर हुई। जहां हमलावरों ने बुधवार दोपहर बाद भाजपा नेता कृपाल जघीना हत्याकांड के मुख्य आरोपी कुलदीप जघीना की पुलिस कस्टडी में रोडवेज बस में घुसकर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। हमलावरों ने पुलिस वालों की आंख में मिर्ची झोंक कर उन्हें संभलने का मौका ही नहीं दिया। कुलदीप के साथ ही पुलिस अन्य अभियुक्त विजयपाल को भी पेशी पर ले जा रही थी। तभी कार में आए करीब एक दर्जन बदमाशों ने कुलदीप और उसके साथी विजयपाल ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

भरतपुर जिला एसपी मृदुल कच्छावा ने जख्मी हुए दूसरे बदमाश विजयपाल की हालत स्थिर बताई है। उसे जयपुर में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। वहीं, फायरिंग के दौरान बस में 45 से अधिक यात्री थे, जिनमें से एक अन्य युवक व महिला भी घायल हो गए।

#### 3 महीने में 12वीं बार बस से ले जा रही थी पुलिस

कुलदीप व विजयपाल को जयपुर पुलिस पिछले तीन माह में 12वीं बार रोडवेज बस में भरतपुर ले जा रही थी। माना जा रहा है कि बदमाशों को इस बात का पता था और उन्होंने रेकी करके वारदात को अंजाम दिया। एडिशनल कमिश्नर यातायात-प्रशासन राहुल प्रकाश जयपुर ने बताया कि जयपुर पुलिस लाइन में जेल से मिले वारंट में बदमाशों को लेकर हार्डकोर या हिस्ट्रीशीटर नहीं लिखा हुआ था। इसलिए हर बार की तरह एक हेड कांस्टेबल सहित 6 गार्ड की टीम भेजी गई थी। बता दें, इस माह में यह इनकी तीसरी पेशी थी। इससे पूर्व जून में 6 पेशी हुई थी।

#### हमलावरों से हुई सूपा गांव में मुठभेड़

घटना की सूचना पर पुलिस तुरंत एक्टिव हो गई और पूरे प्रदेश में नाकाबंदी करवाई गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और बयाना के सूपा गांव में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी।

डीजीपी उमेश मिश्रा ने बताया कि घटना गंभीर है। अभी बाकी बदमाशों को पकड़ने पर फोकस हैं। एसपी कच्छावा ने बताया कि बदमाश कार व बाइक पर सवार होकर आए थे। उन्होंने गाड़ी बस के आगे लगा दी थी। घटना में किसी भी पुलिसकर्मी को गोली नहीं लगी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है। चार आरोपी विष्णु, सौरभ, धर्मराज और बबलू को पकड़ा गया। गोलियों की आवाज से दहशत फैल गई और भगदड़ मच गई।



#### जनता को सुरक्षा चाहिए, झूठी गारंटी नहीं

इस घटना के बाद सियासत गरमा गई है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि हत्याकांड से कांग्रेस सरकार के जंगलराज में एक और अध्याय जुड़ गया है। जब आप राजस्थान में थानों में फायरिंग व गैंगवार की घटनाएं नहीं रोक पाए, ऐसे में रोडवेज बस में अपराधियों को लेकर जाना तथा बस की सूचना कुलदीप के विरोधियों तक पहुंचना, ये प्रशासन/सरकार की मिलीभगत के बिना कैसे संभव है? घटना बदहाल कानून-व्यवस्था का निकृष्टतम उदाहरण है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में माफियाओं व कुख्यात अपराधियों के आगे सरकार नतमस्तक है।

**आज प्रदेश के दौरे पर आएंगी मुर्मू**

## राष्ट्रपति का विधानसभा में पहली बार होगा संबोधन



**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को तीन दिन के प्रदेश दौरे पर आ रही है। मुर्मू 13 से 15 जुलाई तक प्रस्तावित राजस्थान यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से शाम 5:25 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल कलराज मिश्र उनकी अगवानी करेंगे। उनका एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उनका रात्रि विश्राम राजभवन में ही होगा।

शुक्रवार को राष्ट्रपति का विधानसभा की कार्रवाई में शामिल होंगी। यह पहला अवसर होगा कि जब भारत के राष्ट्रपति का राजस्थान विधानसभा में संबोधन होगा। मुर्मू का इसी दिन सीकर खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जाएंगी। शाम को राष्ट्रपति का राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट एसोसिएशन के राजस्थान चैप्टर 'राजस्थान विधानसभा के संवैधानिक पदधारकों की लोकतंत्र सुदृढ़ीकरण में भूमिका' विषयक सेमिनार की मुख्य वक्ता एवं समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी सेमिनार को संबोधित करेंगे।

**एकल पट्टा प्रकरण**

## हाई कोर्ट से मिली धारीवाल और अधिकारियों को राहत

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय ने करीब 10 साल पुराने एकल पट्टा प्रकरण में स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल सहित रिटायर्ड आईएएस अधिकारी जीएस संधू, आरएएस निष्काम दिवाकर और ओंकारमल सैनी को बड़ी राहत दी है।

हाईकोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता रामशरण सिंह के बेटे सुरेंद्र सिंह को सीबीआई जांच की याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी है। दरअसल, जेडीए ने गणपति कंस्ट्रक्शन के शैलेन्द्र गर्ग को



एकल पट्टा जारी किया था। इसकी शिकायत रामशरण सिंह ने साल 2013 में एसीबी में की थी। एसीबी ने तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, डिप्टी सेक्रेटरी निष्काम दिवाकर, जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी, शैलेन्द्र गर्ग और दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ एसीबी कोर्ट में चालान पेश किया था।

**140 करोड़ लोगों की दुआ है साथ**

# भारत को कल चंद्रयान बना देगा चांद को चूमने वाला विश्व का चौथा देश

- अब तक अमेरिका, रूस और चीन ही उतर पाए हैं चांद पर
- इस बार पिछली खामियों से सीख लेकर किए गए अहम बदलाव
- 'फेलियर बेस्ड डिजाइन' में तैयार यह यान कर सकेगा सफल लैंडिंग

**एजेंसी** | बेंगलुरु

इसरो अपने तीसरे लूनर मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम-3) से शुक्रवार दोपहर बाद 2:35 बजे लॉन्च करने की योजना है। इसका 24 घंटे का 'लॉन्च रिहर्सल' पूरा कर लिया गया है और अब बस इंतजार है इसके उड़ान भरने का।

बता दें, चंद्रयान-2 मिशन के दौरान लैंडर को 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने में सफलता नहीं मिल पाई थी। यही वजह है कि चंद्रयान-3 को बेहद खास तरीके से डिजाइन किया है। इसरो इसे फेलियर बेस्ड डिजाइन या कहें 'विफलता-आधारित डिजाइन' बता रहा है, जिससे गड़बड़ी होने पर भी मून रोवर चांद पर सफलतापूर्वक लैंड कर सकेगा। इसके चांद को चूमते ही भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। अब तक अमेरिका, रूस और चीन ही यह करिश्मा कर पाए हैं।






#### इस मर्तबा विक्रम के लेग्स हैं काफी मजबूत

पिछले चंद्रयान-2 की बजाय इस बार चंद्रयान-3 में विक्रम के लेग्स को काफी मजबूत बनाया गया है, ताकि वह पहले की तुलना में अधिक वेग से उतरने में सक्षम हो सके। लैंडर में बहुत सारे सुधार हुए हैं। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया, 'हमने लैंडिंग वेग को 2 मीटर/सेकंड से बढ़ाकर 3 मीटर/सेकंड कर दिया है। इसका मतलब है कि 3 मी/सेकंड की गति पर भी, लैंडर दुर्घटनाग्रस्त नहीं होगा या इसके पैर नहीं टूटेंगे।' चंद्रयान-2 का हिस्सा रहे एक अन्य वैज्ञानिक ने बताया, 'लगभग 2 मीटर/सेकंड का लैंडिंग/टचडाउन वेग आदर्श और सुरक्षित है। और यह अच्छा है कि 3 मी/सेकंड तक होगी, जिसका मतलब है कि अगर सबसे अच्छी स्थिति नहीं है, तो भी लैंडर अपना काम करेगा।'

#### अधिक ईंधन और नया सेंसर

अधिक व्यवधानों से निपटने के लिए विक्रम में अधिक फ्यूल जोड़ा गया है, जिससे यह वापस भी आ सके। सोमनाथ ने कहा, 'हमने इसमें लेजर डॉपलर वेलोसिटी मीटर नामक एक नया सेंसर भी ऐड किया है, जो चांद की सतह को अच्छी तरह से देखेगा। लेजर सोर्स साउंडिंग के माध्यम से हम तीन वेग वैक्टर के कंपोनेंट्स को पाने में सक्षम होंगे।

#### सफलता के लिए इसरो ने कसी कमर

पिछली विफलता से उबरते हुए इस बार इसरो ने सफलता के लिए कमर कस ली है। चंद्रयान-3 में इसरो ने उसके इंजन और सॉफ्टवेयर को लेकर भी काम किया है। इसरो चीफ ने बताया कि इंजन में व्यवधान, थ्रस्ट व्यवधान, सेंसर विफलता आदि जैसी विफलताओं से बचने के लिए सॉफ्टवेयर में भी सुधार किया है। साथ ही, सेंट्रल या पांचवें इंजन को भी हटा दिया है, जिसे चंद्रयान -2 के दौरान अंतिम मिनट में जोड़ा गया था।

## जरूरी खबर

### सीएम आज करेंगे पेंशन लाभार्थियों के साथ संवाद



**जयपुर।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन में की गई बढ़ोतरी एवं इसमें प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत की स्वतः वृद्धि करने के निर्णय पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त करने के लिए गुरुवार को पेंशनर्स रामलीला मैदान में एकत्र होंगे। मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से इन पेंशनर्स से संवाद करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया राज्य में 7 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत वृद्धजन, एकल नारी, विशेष योग्यजन तथा लघु एवं सीमान्त किसानों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। वर्तमान में लगभग 93.50 लाख व्यक्तियों को इसका लाभ मिल रहा है।

### सत्यव्रत रावत चूण्डा पैनोरमा के लिए जमीन चिह्नित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चित्तौड़गढ़ जिले में सत्यव्रत रावत चूण्डा के पैनोरमा के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके लिए भूमि का चिन्हीकरण करने के लिए राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने बुधवार को जिले के बस्सी क्षेत्र में पहुंचकर भूमि का मौका निरीक्षण किया और तहसील के सामने 6 बीघा जमीन चिह्नित की। राज्यमंत्री ने बताया कि इस पैनोरमा के माध्यम से रावत चूण्डा के महान व्यक्तित्व को दर्शाया जाएगा, जिससे लोगों को उनके अविस्मरणीय बलिदान, त्याग, साहस और स्वाभिमान की जानकारी मिलेगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



**जयपुर।** विधानसभा के 14 जुलाई से प्रारंभ हो रहे विधानसभा सत्र को लेकर भाजपा ने गुरुवार सवेरे 11 बजे विधानसभा के ना पक्ष में विधायक दल की बैठक बुलाई है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी शामिल होंगे। बैठक में विधायकों के साथ मिलकर विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने बताया कि सरकार की हर एक विफलता को लेकर भाजपा सदन में घेरेगी। चाहे पेपर लीक मामला हो या बिगड़ी कानून व्यवस्था।

### भरतपुर मामले में भाजपा ने सरकार को घेरा, कहा- राजनीतिक संरक्षण के कारण पनप रहा क्राइम

# प्रदेश में 'आमजन में डर और अपराधियों में विश्वास': BJP

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भरतपुर में भाजपा के मंडल अध्यक्ष की हत्या के आरोपी की पुलिस कस्टडी में गोली मारकर हत्या के मामले को संदिग्ध बताया। उन्होंने कहा कि 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर' के पुलिस स्लोगन का प्रदेश में कोई अर्थ नहीं रहा, बल्कि प्रदेश में मौजूदा हालातों में आमजन में डर है और अपराधियों में विश्वास पैदा हुआ है।



इस तरह के गंभीर अपराध किसी आका की सरपरस्ती के बिना नहीं पनप सकते। भरतपुर के मर्डर कांड में पुलिस की भूमिका भी पूरी तरह संदिग्ध बनी हुई है। इसमें मर्डर क्यों हुआ, किसका हुआ, मृतक कहां जा रहा था, क्या वह गवाही देने वाला था। गवाही में किसी बड़े आदमी का नाम सामने आने वाला था। क्या इसी वजह से उसकी आवाज बंद कर दी गई। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि हो सकता है यह मर्डर किसी सोची समझी रणनीति के तहत किया गया हो। मर्डर का आरोपी केवल ट्रिगर दबाने वाला था, उसका आका कोई और था। मुख्य आरोपी का नाम भाजपा मंडल अध्यक्ष की हत्या में न आए इसलिए आज यह हत्या हुई है। जोशी ने कहा कि यह कोई बड़ा षड्यंत्र हो सकता है।

प्रदेश का गृहमंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री गहलोत को सोचना चाहिए कि उनकी सरकार के संरक्षण में किस प्रकार से राजस्थान में अपराध पनप रहा है। इस तरह की घटनाओं में कहीं न कहीं राजनीति और अपराध का गठजोड़ साफ दिखाई देता है।

### पूर्णकालिक गृहमंत्री न होने से पुलिस पर कोई नियंत्रण नहीं: राजेंद्र राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने भरतपुर हत्याकांड पर कहा कि प्रदेश में न कानून है, ना ही प्रशासनिक व्यवस्था है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साढ़े 4 वर्ष तक राजस्थान को पूर्णकालिक गृहमंत्री नहीं दिया। पुलिस की लापरवाही और पुलिस के टूटते इकबाल से भरतपुर की घटना घटित हुई। राठौड़ ने पूरे घटनाक्रम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस कस्टडी और 6-6 गार्डों की मौजूदगी में रोडवेज बस में हार्डकोर अपराधी को लेकर आना और उसकी हत्या होना यह घोर लापरवाही है। यदि इस प्रकार की धमकी या खतरा था तो पुलिस ने पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए। यह केवल भरतपुर की ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान की कहानी है। रोज पुलिस के पिटने की खबरे आती हैं, कभी बजरी, माफिया, कभी खनन माफिया, कभी शराब माफिया के हाथों पुलिस पिट रही है। कहीं रक्षक ही भक्षक बन जाते हैं और सरकार की सरपरस्ती के अंदर जिस प्रकार न काबिल लोगों को फील्ड में लगा रखा है, उसी का परिणाम है भरतपुर की घटना। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में भरतपुर हत्याकांड को मजबूती से उठाएंगे।

### सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि हत्या के मुख्य आरोपी की पुलिस कस्टडी में इस तरह हत्या होना, गहलोत सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। राठौड़ ने कहा कि किसके इशारे पर और किसको बचाने के लिए इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। इस हत्याकांड में पुलिस की कार्यशैली पूरी तरह संदेहास्पद और सवालों के घेरे में हैं।

### किसान हुंकार सम्मेलन: कांग्रेस के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी BJP

# किसान विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले प्रदेश भाजपा पूरी तरह विपक्ष की भूमिका में उतर आई है और कांग्रेस के खिलाफ हल्ला बोलना शुरू कर दिया हैं। इसी के चलते बुधवार को झुंझुनूं में भाजपा किसान मोर्चा ने कांग्रेस पर किसान विरोधी सरकार होने के आरोप लगाते हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं और किसानों के साथ हुंकार भरीं।

झुंझुनूं में भाजपा ने जन आक्रोश महाघेराव में ट्रैक्टर्स से रैली भी निकाली। सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम से शुरू हुई रैली पीरू सिंह स्टेडियम पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष भागीरथ चौधरी और अन्य भाजपा नेताओं ने जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर जुबानी हमला बोला। सभा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेट पर चढ़ कर कलेक्ट्रेट में घुसने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने अंदर नहीं घुसने दिया।

### पेपर लीक पर युवा मोर्चा 18 जुलाई को RPSC का करेगा घेराव






### युवाओं में सरकार के प्रति आक्रोश

किसानों के बाद अब युवाओं के मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस का घेराव करेगी। भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कहा कि कांग्रेस सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदेश का युवा पेपर लीक की घटनाओं से निराश है और युवाओं में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। चेची ने कहा कि सीकर में ऐसे कोचिंग सेंटर भी खुले हुए है जिनमें गारंटी के नाम से बैच चलाए जा रहे हैं। इसलिए युवा मोर्चा कांग्रेस सरकार के खिलाफ 18 जुलाई को अजमेर में आरपीएससी कार्यालय का घेराव करेगा। इस युवा आक्रोश महाघेराव में राजस्थान के सभी जिलों के युवा शामिल होंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री नीलम गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### कर्जमाफी का वादा भूली सरकार: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने किसान हुंकार सम्मेलन में कहा कि किसानों के प्रतिनिधि सरकार से पूछ रहे हैं कि साढ़े चार साल पहले जो संपूर्ण कर्जमाफी का वादा किया था, उसका क्या हुआ। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में संपूर्ण फसली ऋण माफ करने का वादा किया था, जो कि 99 हजार 996 करोड का कुल फसली ऋण था। इसमें से गहलोत सरकार ने महज 8400 करोड का कर्ज माफ किया। सभा में प्रदेश महामंत्री जगवीर छाबा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी, सांसद व किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी, जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, सांसद सुमेधानंद, नरेंद्र खीचड़, विधायक सुभाष पूनियां, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, केडी बाबर, शुभकरण चौधरी, राजेंद्र भांबू, डॉ. राजेश बाबल, कमलकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।






### राज्य सरकार ने किसानों के साथ किया धोखा: जोशी

झुंझुनूं में किसान जनआक्रोश सभा को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। कांग्रेस की नीति हमेशा से ही किसान विरोधी रही है। सत्ता में आने से पहले किसानों के संपूर्ण कर्जा व बिजली माफी की घोषणा की थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद वादा भूल गई। जोशी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों को आह्वान करते हुए कहा कि समय आ गया है, अब हमें एक भी दिन घर नहीं बैठना है। इस किसान विरोधी प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकना हैं। इस सरकार ने किसान कर्ज माफी तो दूर, बल्कि किसानों को जो बिजली उपलब्ध हो रही थी, उसे भी कम कर दिया। इन्होंने बिजली के दाम नहीं बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन एक नहीं बल्कि कई बार बिजली के दाम बढ़ा दिए और अब 100 यूनिट बिजली फ्री देने की झांसेबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस के झूठे वादों से त्रस्त होकर प्रदेश का किसान आत्महत्या कर रहा है।

### कोटा रेंज आईजी को लिखा पत्र

# सांगोद विधायक भरत सिंह ने दी विधानसभा में प्रदर्शन की चेतावनी

**बेधड़क** | जयपुर



सांगोद विधायक भरत सिंह ने एक बार फिर तल्खी दिखाई है। भरत सिंह ने कोटा रेंज आईजी को पत्र लिखकर विधानसभा सत्र के पहले दिन यानी 14 जुलाई को राज्य के गृह मंत्रालय के खिलाफ प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। आईजी को लिखे पत्र में भरत सिंह ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि महावीर मीणा व अन्य लोगों ने सीमल्या थाने में एक मामला दर्ज करवाया था।

इसमें भाया के प्रभाव में आकर पूर्व सरपंच प्रियंका नन्दवाना की मदद की जा रही है और जांच में बाधा पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि पूरे मामले की जानकारी डीजीपी, एडीजीपी, सीआईडी-सीबी और सरकार तक को पता है।

इस प्रकरण की पत्रावली एडीजी, सीआईडी-सीबी जयपुर में मंगवाकर जांच में देरी की जा रही है। गौरतलब है कि हाड़ौती संभाग के दो दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के समर्थकों की लड़ाई में कांग्रेस विधायक भरत सिंह खुलकर सामने आए हैं।

अपने समर्थक कांग्रेस मंडल अध्यक्ष महावीर मीणा की ओर से दर्ज मामले में कार्रवाई नहीं होने से खफा सांगोद विधायक और पूर्व मंत्री रहे भरत सिंह कुंदनपुर ने एक बार फिर अपनी ही सरकार और सूबे के मुखिया के खिलाफ प्रदर्शन करने ऐलान किया है। भरत सिंह ने विधानसभा सत्र के पहले दिन एससी-एसटी समर्थकों के साथ विधानसभा पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी का साक्षात्कार परिणाम जारी

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (एग्रीकल्चर केमिस्ट्री) के साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 4 से 6 जुलाई तक किया गया था। साक्षात्कार के बाद 39 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

### लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. राजू की राज्यपाल से भेंट



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में सप्तशक्ति कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. राजू ने मुलाकात की। यह उनकी राज्यपाल के साथ शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों के बीच कई मुददों पर चर्चा हुई।

### मुख्यमंत्री की प्रदेशवासियों को सौगात

# प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों में खोले जाएंगे सात आवासीय विद्यालय: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार हर वर्ग, जाति को राहत पहुंचाने में जुटी हुई। इसी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार प्रदेश में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं सहित सभी के लिए नई-नई सौगात लेकर आ रहे हैं। हर वर्ग को राहत देने की कड़ी में बुधवार को सीएम गहलोत ने जनजाति क्षेत्र क्षेत्रों में 7 आवासीय स्कूल खोलने की घोषणा की, वहीं निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करते हुए राज्य सरकार ने नागौर जिले की पंचायत समिति कुचामन सिटी के पालड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किया।



### चिरंजीवी योजना राजस्थान का सपना होगा साकार

निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बेहतर बना रही हैं। इसी को लेकर राज्य सरकार ने नागौर जिले की पंचायत समिति कुचामन सिटी के पालड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र को अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने का फैसला लिया हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी हैं। केंद्र के संचालन के लिए 9 पदों का सृजन भी किया जाएगा। नवीन पदों में चिकित्साधिकारी का एक, नर्स श्रेणी-द्वितीय, वार्ड बॉय के दो-दो,महिला स्वास्थ्य दर्शिका, फार्मासिस्ट, लैब टैक्नीशियन, सफाई कर्मचारी के एक-एक पद सहित कुल 9 पद शामिल हैं। गहलोत ने भीलवाड़ा शहर के उपनगर पुर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (सिटी डिस्पेंसरी)को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की स्वीकृति दी है।

### इन स्थानों पर खुलेंगे आवासीय विद्यालय

यह आवासीय विद्यालय पाली के सुमेरपुर, सवाई माधोपुर, भेड़ोली-बौली (सवाई माधोपुर), अजमेर के केकड़ी स्थित गिरवरा, जालोर, डूंगरपुर के चिखली, टोंक के देवली स्थित श्रीपुरा में खोले जाएंगे। इन सभी आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थी क्षमता 210 होगी।

### 35 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी

जनजाति क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब नजदीक ही आवासीय विद्यालयों में पढ़ने के अवसर मिल सकेंगे। राज्य सरकार ने जनजाति क्षेत्रों के शैक्षिक उत्थान के लिए 7 आवासीय विद्यालय खोलने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। इस वर्ष प्रथम चरण में प्रति विद्यालय 5 करोड़ रुपए सरकार खर्च करेगी। वहीं दूसरे साल में इनके निर्माण कार्य पर 71 करोड़ रुपए व्यय होंगे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा बूंदी मेडिकल कॉलेज

बूंदी मेडिकल कॉलेज परिसर को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 1 किमी एप्रोच रोड का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क निर्माण के लिए गहलोत ने 3.67 करोड़ के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। इससे मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों, कार्मिकों और मरीजों को आवागमन में आसानी होगी।


### चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना ने दिलाया पुरस्कार

प्रदेश में 7 जुलाई से चल रहे जन सम्मान वीडियो कांटेस्ट के माध्यम से आमजन इन जनहितकारी योजनाओं पर आधारित वीडियो बनाकर लाखों रुपए की राशि प्रतिदिन जीत रहे हैं। हनुमानगढ़ के रिकी को इस कॉन्टेस्ट में प्रथम पुरस्कार मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना पर वीडियो बनाकर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। निशुल्क घरेलू बिजली योजना पर वीडियो बनाकर दूसरे स्थान पर रहे हनुमानगढ़ के ही धरमवीर ने 50 हजार रुपए का पुरस्कार मिला। इसी प्रकार मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना पर वीडियो बना कर जयपुर की गुलाब देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 25 हजार रुपए का इनाम प्राप्त किया। साथ ही 100 भाग्यशाली प्रेरणा पुरस्कार विजेताओं को 1000 रुपए का पुरस्कार भी दिया गया है।

## महामहिम के दौरे से पहले शहर के दो रूप: ...इधर लम्बा जाम



## ... और यहां स्वागत में सजावट



*जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गुरुवार को तीन दिवसीय प्रदेश दौरे पर राजधानी पहुंच रही हैं। मुर्मू की 13 से 15 जुलाई तक प्रस्तावित इस यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उनके आने से एक दिन पूर्व बुधवार को शहर के दो रूप दिखाई दिए। एक ओर जेएलएन मार्ग पर राष्ट्रपति की यात्रा के रिहर्सल के दौरान लंबी दूरी तक वाहनों का जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालक खासे परेशान रहे। वहीं, दूसरा रूप दिखा राजस्थान विधानसभा का, जो महामहिम के स्वागत में एकदम चमाचम किया गया है।* -फोटो: पंकज शर्मा

## जरूरी खबर

### जब्त फाइलें खोलेंगी रिश्वत खोरी का राज



**जयपुर।** पांच लाख की घूस लेते पकड़े गए सहकारिता विभाग में डिप्टी रजिस्ट्रार देशराज यादव और निरीक्षक अरुण प्रताप को एसीबी ने बुधवार को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का रिमांड मांगा। न्यायालय ने आरोपियों को एक दिन रिमांड पर एसीबी को सौंपा। एएसपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि देशराज के ऑफिस मिनी सचिवालय से जप्त फाइलों की जांच जारी है। वहीं, 30 सोसायटियों की फाइलों की जांच में रिश्वत खोरी का राज खुलेगा।

### ग्रेटर निगम के सतर्कता दस्ते ने हटाए अतिक्रमण

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम की सतर्कता शाखा के दस्ते ने बुधवार को उपायुक्त सतर्कता के निर्देशन में कई जगह से अतिक्रमण हटाया। दस्ते ने विद्याधर नगर जोन में चांदबिहारी नगर में 40-45 स्थाई अतिक्रमण हटवाए। इसके अलावा मालवीय नगर जोन और उदय नगर झोटवाड़ा आदि स्थानों पर से अस्थाई अतिक्रमण हटाए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## पुलिस-जेडीए की संयुक्त कार्रवाई, सरकारी भूमि से अतिक्रमण ध्वस्त

# हिस्ट्रीशीटर राहुल मीणा के रेस्टोरेंट पर किया 'वज्र प्रहार'

### अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपए

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस आयुक्तालय के ऑपरेशन वज्र प्रहार अभियान के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को सरकारी जमीन पर किए अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भट्टा बस्ती इलाके में जेडीए के जोन-2 में किशनबाग स्थित जेडीए की बेशकीमती सरकारी भूमि पर हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर अपराधी राहुल मीणा के अवैध कब्जा और अतिक्रमण कर चलाए जा रहे रेस्टोरेंट को पुलिस और जेडीए ने संयुक्त कार्रवाई कर तोड़ दिया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम कैलाश चंद विश्नोई ने बताया कि ऑपरेशन वज्र के तहत अपराधियों की अवैध सम्पत्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत भट्टा बस्ती इलाके में किशनबाग, स्वर्ण जयन्ती गार्डन के पीछे जेडीए की जमीन खसरा नम्बर-16 पर विद्याधर नगर पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर क्रिमिनल राहुल मीणा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर रेस्टोरेंट 'अभि रेस्टोरेन्ट' चला रहा था। इस पर उक्त अवैध कब्जे-अतिक्रमण के संबंध में स्थानीय थानाधिकारी विनोद वर्मा ने तस्दीक की, जिस पर अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर अतिक्रमी को धारा-72 जविप्रा अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया और अवैध कब्जा-अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया।

अतिक्रमी ने सरकारी जमीन पर से किसी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं हटाया। इस पर पुलिस की ओर से चलाए अभियान ऑपरेशन वज्र प्रहार के अंतर्गत बुधवार को जोन-02 के प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 05 करोड़ रुपए है। ध्वस्त जमीन को जेडीए को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान मौके पर पुलिस का जाब्ता तैनात रहा।



#### 18 मामले दर्ज हैं हार्डकोर अपराधी राहुल के खिलाफ

पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि राहुल मीणा विद्याधर नगर थाने का हिस्टीशीटर है। उसके खिलाफ सुभाष चौक में एक और विद्याधर नगर थाने में 18 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपी के भाई हरिओम मीणा और विवेक मीणा के खिलाफ भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी अपने भाइयों के साथ मिलकर इलाके में गुण्डागर्दी और दबंगई करता था। ऐसे में ऑपरेशन वज्र अभियान के तहत उसकी अवैध सम्पत्तियों की पड़ताल की गई।

#### इधर, 10 बीघा जमीन पर बन रही कॉलोनी पर भी कार्रवाई

वहीं जेडीए के जोन-10 के इकोलॉजिकल जोन में खो-नागोरियान करीम नगर कॉलोनी में सरकारी आईटीआई कॉलेज के पीछे जेडीए की करीब 05 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं ने कब्जा-अतिक्रमण कर लिया था। प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से इसे पूर्ण ध्वस्त किया। अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 15 करोड़ रुपए है। इसी प्रकार जोन-10 में ही इकोलॉजिकल जोन में लूणियावास में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर ही जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवाएं भूमि को समतल कर गोवर्धन नगर-तृतीय, श्री जी नगर के नाम से अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। प्रवर्तन दस्ते ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर दिया।

## आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव मामला

# 130 करोड़ का ऋण लेकर नहीं लौटाने वाला पारस बोलिया गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर







एटीएस-एसओजी ने आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी मामले में एक और गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार आरोपी आदर्श सोसायटी के संचालक की कंपनी में निदेशक व शेयर होल्डर रहा है। एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि सोसायटी द्वारा किए गए गबन प्रकरण में हिरण मगरी उदयपुर निवासी पारस बोलिया को गिरफ्तार किया है।

बोलिया ने 4 कंपनियां बनाकर सोसायटी से 130 करोड़ रूपए कर ऋण लिया और वापस नहीं लौटाया। आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी ने देश के 28 राज्यों व 4 केन्द्र शासित प्रदेशों में सोसायटी की 806 शाखाएं खोली। इन शाखाओं में करीब 10 लाख निवेशकों द्वारा निवेशित लगभग 8 हजार करोड़ रुपए की जमा पूंजी का गबन किया गया। इस मामले में एसओजी ने संचालक मुकेश कुमार मोदी सहित 15 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया था।

जांच में पाया कि सोसायटी के संचालकों द्वारा पारस बोलिया और उसके पारिवारिक सदस्यों के नाम से निर्मित कम्पनियों द्वारा षड़यंत्र पूर्वक करोड़ों रुपए का ऋण वापस नहीं करने के उद्देश्य से दिया गया था।

पारस बोलिया की कम्पनियों नाकोड़ा बिल्ड स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, वायु बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड, वासु इन्फ्रा स्काई प्राइवेट लिमिटेड, विनायक बिल्ड क्रियेशन को आदर्श सोसायटी द्वारा करीब 130 करोड़ का ऋण दिया गया। आदर्श सोसायटी के संचालक मुकेश मोदी की कम्पनी वायु बिल्डटैक में आरोपी निदेशक एवं शेयर होल्डर रहा है।

## नाटो सम्मेलन और मणिपुर में हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन

# शिविरों में भी लोगों से की बर्बरता

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन राजस्थान ने लिथुआनिया में हो रहे नाटो देशों के सम्मेलन और मणिपुर में हो रही हिंसा के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल वक्ताओं ने कहा अमेरिका नाटो के जिरए अपनी सैन्य शक्ति का विस्तार कर रहा है, जिससे विश्व में तनाव और युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। भारत सहित विश्व की शान्तिपूर्ण शक्तियां इस सम्मेलन का विरोध कर रही हैं।



इससे पूर्व सुमित्रा चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई संगठन की बैठक में मणिपुर में जातीय हिंसा का तथ्य जानने गई राष्ट्रीय तीन सदस्यीय दल की सदस्य निशा सिद्धू ने बताया कि शरणार्थियों के शिविरों में घुसकर भी लोगों को बर्बर तरीके से मारा गया और उन्हें राहत भी नहीं पहुंचाई। निशा सिद्धू ने बताया कि पीड़ितों से मिलने पर जांच दल के खिलाफ ही मामला दर्ज किया गया। इस अवसर पर जीके छंगाणी, एमएल यादव, कुणाल रावत, संजय माधव, रमेश शर्मा, महेश शर्मा, कुसुम साईवाल, नीरज चौहान, केशव व्यास, शैलेंद्र अवस्थी और सुनिता चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया।

## तीन बच्चों की मौत के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने निकायों से मांगी रिपोर्ट

# विभाग को अब याद आई नालों की सफाई

**बेधड़क** | जयपुर

मानसून सीजन में हो रही लगातार बारिश ने नगरीय प्रशासन की पोल खोल कर रख दी है। बारिश का पानी नालों के बजाए सड़कों पर दरिया बन बहने लगा। प्रदेश में सड़क पर जमा पानी के बहाव में तीन बच्चों की मौत हो गई। जयपुर के मुरलीपुरा क्षेत्र में दो दिन पहले नाले में बहने से एक बच्चे की मौत हो गई। सवाई माधोपुर में भी एक बच्चा डूब गया।

इसके अलावा सीकर में भी पानी भराव के कारण एक छात्र की सीवर लाइन में डूबने से मौत हो गई थी। इन हादसों के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने नालों की सफाई की सुध ली है। इस संदर्भ में विभाग ने प्रदेश की सभी नगरीय निकाय (नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका) को एक परफोर्मा भेजकर उनके एरिया में की गई नालों की सफाई की तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। सभी निकायों के विभाग को रिपोर्ट पेश करने के बाद उच्च अधिकारी रिपोर्ट का अध्ययन करेंगे और नालों की सफाई में चूक करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।





#### इस बार जून में दिया था आदेश

हर साल मानसून आने से पूर्व यूडीएच विभाग नालों की सफाई का कार्य मई तक पूरा करा देता था, जिससे जून में प्री-और मानसून की बारिश में नाला, सीवरेज चैंबर भराव की स्थिति नहीं होती थी, लेकिन स्वायत्त शासन विभाग ने इस बार 5 जून को एक लेटर जारी करके सभी नगरीय निकायों को मानसून पूर्व नालों की सफाई करवाने, खुले नाले और चैंबर को ढकवाने, सीवर लाइन के मैनहॉल की सफाई करवाने के निर्देश दिए।

## विद्युत विभाग की वीसीआर निस्तारण की एमनेस्टी योजना

# बिजली की चोरी करने वालों पर मेहरबान है विभाग

### VCR उपभोक्ताओं को 28 करोड़ से अधिक की छूट

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर डिस्कॉम ने हाल में बिजली चोरी करने वालों पर बड़ी मेहरबानी दिखाई है। डिस्कॉम ने लम्बित वीसीआर (विजीलेन्स चैकिंग रिपोर्ट) के निस्तारण के लिए लागू की गई एमनेस्टी योजना के तहत गत चार माह में 26247 वीसीआर प्रकरणों का निस्तारण किया है। इस योजना में निस्तारित वीसीआर के उपभोक्ताओं को 28 करोड 32 लाख 67 हजार रुपए की छूट दी गई है, जिससे जयपुर डिस्कॉम को 18 करोड़ 79 लाख 96 हजार की ही राजस्व प्राप्ति हो पाई।





#### योजना 30 सितम्बर तक रहेगी लागू

जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक आरएन कुमावत ने बताया कि बिजली चोरी के मामलों में 31 दिसम्बर, 2022 तक या पूर्व में भरी गई वीसीआर के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए मार्च से 30सितम्बर तक की अवधि के लिए यह योजना लागू की गई है। लम्बित वीसीआर के अंतिम निस्तारण के लिए सब-डिवीजन के सहायक अभियंता को अधिकृत किया गया है और उपभोक्ता 30 सितम्बर तक सम्बन्धित सहायक अभियन्ता कार्यालय में आवेदन कर वीसीआर का निस्तारण करवा सकते हैं।

#### केस वापस लेने पर दिया लाभ

उन्होंने बताया कि योजना में उपभोक्ताओं को यह सुविधा दी गई कि वे वीसीआर की निर्धारित राशि को 6 समान मासिक ब्याज मुक्त किश्तों में जमा करवा सकते हैं, लेकिन गैर-उपभोक्ताओं के मामलों में वीसीआर की निर्धारित राशि एकमुश्त ही जमा करानी होगी। वीसीआर के विरुद्ध न्यायालय में चल रहे मामलों को वापस लेने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा, लेकिन जिन प्रकरणों में उपभोक्ता अथवा गैर-उपभोक्ताओं के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश कर दिया है, ऐसे प्रकरणों का इस योजना के तहत निस्तारण नहीं किया जाएगा।

#### इतने मामले हुए निस्तारित

13 सर्किलों में (जून, 2023 तक) एमनेस्टी योजना के तहत अलवर सर्किल में 5188, जयपुर जिला वृत में 2496,दौसा सर्किल में 1857, टोंक सर्किल में 1607, जयपुर शहर वृत में 217, झालावाड सर्किल में 1417, कोटा सर्किल में 1548, बारां सर्किल में 1568, बूंदी सर्किल में 3638, सवाईमाधोपुर सर्किल में 1052, धौलपुर सर्किल में 1527, करौली सर्किल में 1253 तथा भरतपुर सर्किल में 2879 मामलों का निस्तारण किया गया है।

#### इस तरह होगा वीसीआर का निस्तारण

योजना के तहत 1 लाख रुपए तक की सिविल लायबिलिटि की राशि का 40 प्रतिशत व प्रशमन राशि का 25 प्रतिशत जमा करवाकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जाएगा। जिन प्रकरणों में 1 लाख रुपए से अधिक सिविल लायबिलिटि की राशि है, वहां 1 लाख रुपए का 40 प्रतिशत व 1 लाख से अधिक की सिविल लायबिलिटि की राशि का 10 प्रतिशत और प्रशमन राशि 25 प्रतिशत जमा कराने पर वीसीआर का निस्तारण कर दिया जाएगा।

## पुनर्विकास मॉडल का अवलोकन

# सांसद बोहरा ने किया जयपुर जंक्शन का दौरा

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा ने बुधवार को जयपुर जंक्शन का दौरा किया है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने सांसद बोहरा का स्वागत किया। सासंद बोहरा ने स्टेशन के कॉर्नकोर्स हॉल में स्थापित जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास संबंधित मॉडल का अवलोकन किया।

इसके अलावा यात्री सुविधाओं, पार्किंग की व्यवस्था,स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप मार्ग, कॉर्नकोर्स एरिया, स्टेशन बिल्डिंग की डिजाइन एवं अधिकतम स्पेस यूटिलाइजेशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने द्वितीय प्रवेश द्वार पर चले रहे पुनर्विकास कार्य को देखा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए।



अधिकारियों से गांधीनगर, खातीपुरा, सांगानेर रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुकेश सैनी, जयपुर स्टेशन निदेशक मिहिर देव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) विनय टाक सहित मंडल व मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### माउंट आबू में पौधरोपण को लेकर उत्साह



**माउंट आबू।** पर्यटक स्थल माउंट आबू में पत्रकारों के आह्वान पर चल रहे पौधारोपण अभियान को लेकर लोगों में उत्साह दिख रहा है। इलाकों को हरा-भरा बनाने के लिए हर समाज के लोग पौधारोपण कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को घोड़ा चालकों व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पौधारोपण किया। घोड़ा चालकों ने घोड़ा स्टैंड पर पौधे लगाए वहीं वही मुस्लिम भाइयों ने भी कब्रिस्तान में पौधारोपण किया और उनकी सार-संभाल का भी संकल्प लिया।

### रेप के आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए सौंपा ज्ञापन

**कोटा।** शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ब्राह्मण कल्याण परिषद की अगुवाई में ब्राह्मण संगठनों ने शहर एसपी शरद चौधरी को ज्ञापन सौंपा। परिषद के संयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि फैजान नामक युवक ने नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर लगातार रेप करता रहा और जान से मारने की धमकी भी दी। यही नहीं आरोपी पीड़िता की बहन को भी अपने साथ ले गया।

### फौजी की ड्रेस में शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



**अजमेर।** फौजी की यूनिफॉर्म पहनकर ट्रेन से शराब की तस्करी करने वाले आरोपी रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 4 कार्टून बीयर जब्त की गई। यह शराब अजमेर से गुजरात ले जाई जा रही थी। जीआरपी थानाधिकारी फूलचंद बालोटिया ने बताया कि स्पेशल टीम प्लेटफार्म पर गश्त कर रही थी। इस दौरान फौजी की यूनिफॉर्म पहने व्यक्ति संदिग्ध लगा। जब उसके सामान की तलाशी ली तो उसमें बीयर के कई कैन मिले। गिरफ्तार आरोपी सिरोही जिले का रहने वाला जसवंत सिंह है। वह ट्रेन से शराब ले जाकर गुजरात में महंगे दामों में बेच देता था।

---

**लोकसभा अध्यक्ष ने किया पौधरोपण महा अभियान का शुभारंभ** लोगों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

# प्रकृति का संरक्षण आज समय की आवश्यकता: ओम बिरला

**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से बुधवार को कोटावासियों ने शहर को हराभरा बनाने का भगीरथी संकल्प लिया। स्पीकर बिरला की पहल पर चलाए जा रहे पौधरोपण महाअभियान के शुभारंभ के अवसर पर आंवली-रोजड़ी स्थित नगर वन में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन और आमजन जुटे और पौधे रोपकर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि प्रकृति संरक्षण समय की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का स्थाई समाधान धरती को हरा-भरा बनाकर ही संभव है। हम सभी एक पौधा अवश्य लगाएं, परिवार के सदस्य के रूप में उसे सहेजें और वृक्ष बनने तक संरक्षण करें।

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें प्रकृति अनुकूल जीवन अपनाने का संदेश दिया है। हमारे विचार, चिंतन और कर्म में पर्यावरण संरक्षण का भाव होना चाहिए। हम प्लास्टिक तथा ऐसी सभी वस्तुओं का उपयोग नहीं करें जो प्रकृति को नुकसान पहुंचाती है। हम ऐसी कार्यशैली अपनाएं जो हमें प्रकृति को सहेजने में सहयोग करते हुए उन्नति के पथ पर ले जाए। बिरला ने कहा कि हम जिस तरह बच्चों को कम्प्यूटर और नई तकनीक सीखने के लिए प्रेरित करते हैं, उसी तरह उन्हें पौधा लगाने और उनके संरक्षण के लिए भी प्रोत्साहित करें। नगर वन में पौधारोपण को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक हीरालाल नागर, पूर्व महापौर महेश विजय, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी रामबाबू सोनी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी और लव शर्मा, पार्षद योगेंद्र खींची, सुनीता व्यास, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना, वन अधिकारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



### लोकसभा अध्यक्ष का किया स्वागत

डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के काफिले का स्वागत रावतभाटा रोड पर किया गया। डेयरी मार्ग पर चार स्वागत गेट व मंच बनाए गए। राठौड़ ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पहुचते ही कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाए। अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़,मार्केटिंग अध्यक्ष निहाल सिंह, भूमि विकास बैंक उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाडा व सरस डेयरी एमडी प्रमोद चारण ने लोकसभा अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। बिरला ने भी नवनिर्वाचित भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ को शुभकामनाएं दी और स्वागतकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इसके उपरान्त मार्केटिंग अध्यक्ष निहाल सिंह के नेतृत्व में दौलतगंज वन क्षेत्र में लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

### वृक्ष हमें प्राण देते हैं, उनका उपकार मानें

विधायक मदन दिलावर ने कहा कि वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, वर्षा होती है, औषधियां मिलती हैं। वृक्ष हमें सिर्फ देते हैं, फिर भी हम इनकी चिंता नहीं करते, यह गलत है। हमें वृक्षों का उपकार मानकर उन्हें सहेजने की संस्कृति अपनानी होगी। वहीं कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि पर्यावरण दूषित होने से दुनिया को अनेक प्रकार की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। भावी पीढ़ियों के लिए हमें पर्यावरण को सहेजना होगा।

---

**लापरवाही:** घर में चल रही पटाखा फैक्ट्री में हुआ भीषण धमाका

# विस्फोट में महिला छत तोड़ते हुए पड़ोस की छत पर जा गिरी

**बेधड़क** | झुंझुनू

जिले में एक दिल दहलाने वाला ऐसा हादसा सामने आया कि आस-पास के लोग सीहर उठे। दरअसर एक शौरगर परिवार के घर में चल रही पटाखा फैक्ट्री में बुधवार सुबह ऐसा भीषण धमाका हुआ कि वहां काम कर रही एक महिला कमरे की छत के आर-पार होते हुए पड़ोसी की छत पर जा गिरी। विस्फोट के साथ ही करीब 25 फीट दूर जाकर गिरी महिला के शरीर के चिथड़े उड़ गए और शव के टुकड़े इधर-उधर बिखर गए।

दिल दहला देने वाला यह हादसा झुंझनूं के उदयपुरवाटी में हुआ। बताया जा रहा है कि जिस कमरे में बारूद रखा हुआ था, धमाका उसी में हुआ। महिला के शव को उदयपुरवाटी के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मॉर्चरी में रखवा दिया गया। महिला का नाम आफरीन है। उसके ससुर लाल मोहम्मद के नाम से पटाखे बनाने का लाइसेंस था। लाल मोहम्मद की वर्ष 2022 में मौत हो चुकी है। सूचना के बाद उदयपुरवाटी पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने हादसे वाले कमरे को लॉक कर दिया है।

विस्फोट सामग्री में हुए धमाके से आस-पास के मकानों में भी दरारें आई है। जिस मकान में ब्लास्ट हुआ, वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके से मोहल्ले के लोग सहम गए और घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूत्रों के अनुसार पुलिस के आने से पहले ही बारूद के कई कट्टों को आस-पास के गोदामों में छुपा दिया गया।



### 20 साल पहले 5 लोगों की हुई थी मौत

जिस घर में बुधवार को विस्फोट हुआ है, उस घर में करीब 20 साल पहले भी हादसा हुआ था। उस समय विजय दशमी से पहले शौरगर परिवार को रावण बनाने का ठेका मिला था। इससे घर में रावण बनाने का काम चल रहा था। इस दौरान विस्फोट से मकान ढह गया था और परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई थी।

### धमाके से लोगों में फैली दहशत

स्थानीय लोगों ने बताया इस्लामिया मदरसा के पास सुबह करीब 8 बजे इतनी तेज ब्लास्ट हुआ कि पूरे उदयपुरवाटी में इसकी आवाज सुनाई दी। इससे इलाके में दहशत का माहौल हो गया। इसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, पटाखा बनाने वाले मुस्लिम शौरगर परिवार के सभी लोग सुबह अपने-अपने काम में लगे हुए थे। वहीं महिला अफरीन (27) पत्नी जावेद भी अपने कमरे में कुछ काम कर रही थी। तभी उसी कमरे में जोरदार विस्फोट हो गया और महिला उसके चपेट में आ गई। यहां करीब पांच-सात परिवार एक ही मकान में रहते हैं। सूचना मिलने पर एएसआई रामसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को उदयपुरवाटी सीएचसी स्थित मोर्चरी में रखवाया और मौके पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एएसआई ने बताया कि मुस्लिम मदरसा के नजदीक जावेद के घर में हादसा हुआ है। महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ोसी के घर की छत पर मिला।

### मासूमों से छिना मां का साया


मृतका अफरीन का पति जावेद सांप पकड़ने का काम करता है। शादी विवाह के मौके पर रेडीमेड पटाखों की दुकान को चलाकर मजदूरी भी कर लेता है। उसके दो बेटे हैं। इनमें बड़ा बेटा अयाज करीब साढ़े तीन साल का है तथा छोटा बेटा अदनान छह माह का है। ऐसे में दोनों मासूमों के सिर से मां का साया छिन गया।

---

**मोटा देवी कॉलेज के पास** हुई वारदात

# जीप से बाइक को मारी टक्कर, फिर युवक को गोलियों से भूना

**बेधड़क** | दौसा



जिले के महवा इलाके में बुधवार को कुछ बदमाशों ने सरेराह एक युवक को गोलियों से भून दिया। इसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जीप में सवार होकर आए बदमाशों ने पहले युवक की बाइक को टक्कर मारकर उसे सड़क पर गिरा दिया और इसके बाद उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। मामला जिले के महवा थाना क्षेत्र के इंदौर रोड स्थित मोटा देवी कॉलेज के पास बुधवार शाम 4 बजे का है। मृतक संजय (22) पुत्र रामचरण गुर्जर बाइक से अपने गांव अमरपुर से महवा की तरफ आ रहा था। मोटा देवी कॉलेज के नजदीक जीप में सवार बदमाशों ने उसे पीछे से टक्कर मारी, जिससे संजय सड़क पर गिर गया। वह संभल पाता इससे पहले ही बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी।

इस दौरान संजय के सीने और पैरों में तीन गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सरेराह हुई इस वारदात से लोगों में दहशत फैल गई। शुरुआती जांच में युवक की हत्या का कारण पुरानी रंजिश माना जा रहा है। संजय खेती-बाड़ी का काम करता था। सूचना मिलते ही डीएसपी जनमेजाराम और मंडावर थानाधिकारी सचिन शर्मा मौके पर पहुंचे।

उन्होंने तुरंत संजय को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी वंदिता राणा महवा पहुंचीं और घटना की जानकारी ली। डीएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही तीन अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में रवाना की गई हैं।

---

**झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे** वसूले थे 1.70 लाख

# 3 पुलिसकर्मियों सहित 4 लोगों पर अवैध वसूली का मामला दर्ज

**बेधड़क** | कोटा

बारां जिले में दो लोगों से 1.70 लाख रुपए की अवैध वसूली के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं मध्य प्रदेश के तीन पुलिस कर्मियों सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी पुलिसकर्मियों ने 6 जुलाई की रात को राजस्थान-मध्य प्रदेश सीमा के पास दो लोगों को रोका और उन्हें मध्य प्रदेश के चाचौड़ा पुलिस क्वार्टर में ले गए। मध्य प्रदेश पुलिस के राजीव, संजय और बलवीर के साथ मोहित नाम का एक वकील भी मौजूद था। पीड़ित वतन सिंह मीणा (22) और शिवम यादव (20) को आरोपियों एनडीपीएस के झूठे के मामले में फंसाने की धमकी देकर 1.70 लाख रुपए वसूल लिए।

### शिकायत दर्ज होने पर पैसे लौटाने भेजा

पीड़ित वतन और शिवम ने सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोपी पुलिसकर्मियों को प्राथमिकी के बारे में पता चला, तो उन्होंने मंगलवार रात पीड़ितों को पैसे लौटाने के लिए पांच लोगों को भेजा। डीएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद एक पत्रकार समेत इन पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से 1.70 लाख रुपए और उनकी एसयूवी कार जब्त कर ली।

---

**पोकरण के भैसड़ा गांव में हुआ हादसा** 37 लोग हुए घायल

# स्कूल बस पलटने से शिक्षक की मौत 12 से ज्यादा बच्चों की हालत गंभीर

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले के पोकरण में बुधवार सुबह बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस पलटने से एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 37 बच्चे घायल हो गए। घायलों में से एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जोधपुर रैफर किया गया।

हादसा बुधवार सुबह करीब 8 बजे भैसड़ा गांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही साकड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायल शिक्षक सहित 12 से ज्यादा बच्चों को गंभीर हालत में जोधपुर रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में शिक्षक ने दम तोड़ दिया।



पुलिस के मुताबिक हादसे के वक्त बस में 40 से अधिक स्कूली बच्चे सवार थे। बस ज्ञानदीप प्राथमिक स्कूल की है, जो बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। स्कूल से करीब 2 किमी दूर निजी बस बेकाबू होकर पलट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल के बाहर परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई है। परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि गिली मिट्टी जमा होने से हादसा हुआ।

### CM व BJP नेताओं ने जताई संवेदना

हादसे की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ व सतीश पूनियां ने ट्वीट कर हादसे के प्रति संवेदना जताई। सीएम ने घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की वहीं दोनों भाजपा नेताओं ने घायल बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए सीएम से घायलों के लिए उचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

---

**शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु**

# जीवन में सुख-दुख पूर्व जन्म के कर्मों का फल: पं. मिश्रा

**बेधड़क** | अलवर

कथाव्यास संत प्रदीप मिश्रा ने कहा कि इंसान सोच रहा है कि मेरे पास पैसा है और मैं पैसे के मजे ले रहा हूं। बाद में यही मजे रोज चिकित्सक के पास ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि पैसे अधिक हैं तो उसे पुरुषार्थ में लगाएं। हमारी जिंदगी में सुख या दुख हमारे पूर्व जन्मों के कर्मों का फल है।

इस जन्म में हमें ऐसे काम नहीं करने पड़े जिससे बाद में पछताना पड़े। मरने के बाद स्वर्ग है या नरक? यह तो हमने नहीं देखा लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि अपने जीते-जी कितना पुण्य किया। मरने के बाद आपके परिजन दान करते हैं, जिसका कोई महत्व नहीं है।



संसार में रहकर ही भागवत भजन करें तो बेड़ा पार हो सकता है। यह मानव शरीर ही प्रभु का अवतार है, जिसको भगवान के स्मरण में लगाएं। पं. मिश्रा ने कहा कि अलवर तपोभूमि है, जहां राजा भर्तृहरि ने आकर तप किया। यहां तो हर कदम पर भगवान शिव के मंदिर हैं। यहां न जाने कितने संत सरिस्का के जंगलों में आकर तपस्या करते हैं। यहां भगवान शिव की उपासना करने का तत्काल लाभ मिलता है, लेकिन शर्त यह है कि यह बिल्कुल सच्चे मन से किया जाए। उन्होंने कहा कि यहां कई राज्यों से श्रद्धालु हजारों किलोमीटर दूर चलकर आए हैं। भगवान शिव अपने भक्तों की परीक्षा लेते हैं।

### पत्र पढ़कर मंच पर बुलाया

कथा स्थल पर कई प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं ने संत प्रदीप मिश्रा को पत्र लिखकर दिए। एक महिला को भगवान शिव की कथा सुनने के बाद 8 साल बाद बेटी हुई, जिन्हें मंच पर बुलाकर आशीर्वाद दिया गया। इसी तरह देश के कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने बेटे की नौकरी लगने तो किसी ने कैंसर सही होने का दावा किया।

### कई किलोमीटर तक श्रद्धालुओं का रैला

अलवर के विजय नगर के मैदान में संत सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिव महापुराण कथा बुधवार से शुरू हो गई। अलवर में पहली बार हुए इतने बड़े धार्मिक आयोजन में देश के विभिन्न भागों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे हैं। कथा में पहले ही दिन इतनी भारी संख्या में श्रद्धालु आए कि बैठने के लिए पांडाल छोटा पड़ गया। पांडाल से अधिक लोग तो बाहर खड़े थे जिनके बैठने की व्यवस्था दूसरे दिन से की जाएगी। इस कथा में पुलिस 40 हजार से अधिक भीड़ मान रही है जिसके चलते शहर के सभी होटल व धर्मशालाएं फुल हैं।

### मां-बाप की इज्जत पर नहीं आने दें आंच

शिव महा पुराण कथा के दौरान कथाव्यास पंडित प्रदीप मिश्रा लव जिहाद के खिलाफ भी जमकर बोले। उन्होंने कहा कि सतानत धर्म की बेटियां सुंदर चेहरे की तरफ नहीं जाएं। चमचमाती बाइक पर घूमने वाले सभी लड़के सच्चे नहीं होते, उनकी जेब में पेट्रोल डलवाने को पैसे तक नहीं होते हैं। जो अपने मां-बाप का नहीं हो सकता, वो किसी का नहीं हो सकता है। मिश्रा ने कहा कि मां-बाप का घर कोई होटल नहीं है, जो आप कभी भी छोड़कर किसी के साथ भी चल दें। मां ने 9 माह तक गर्भ में रखा है और आपको इस लायक बनाया है।

---

# रेलवे का टीटीई निकला बैंक लूट का मास्टरमाइंड

**बेधड़क** | सीकर

जिले के हरसावा गांव में यश बैंक से 24 लाख रुपए की लूट का आरोपी रेलवे का टीटीई निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उससे 11 लाख रुपए बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने बताया कि यश बैंक को बम से उड़ाने और फायरिंग की धमकी देकर 24 लाख रुपए लूटने के आरोपी रेलवे के टीटीई मुकेश कुमार गढ़वाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि इसी हुलिए के व्यक्ति ने उसी दिन सुबह यूनियन बैंक फतेहपुर को भी लूटने का प्रयास किया था।

हालांकि स्टाफ की तत्परता के चलते घटना को अंजाम नहीं पाया। यूनियन बैंक की सीसीटीवी चैक करके आरोपी का हुलिया सामने आने पर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 11 लाख रुपए तथा अल्टो कार बरामद की गई है।



प्रारंभिक पूछताछ से सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ रेलवे में दो मुकदमे दर्ज हो जाने व नौकरी पर न जाने के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इसलिए घटना को अंजाम दिया। आरोपी के खिलाफ स्टेशन मास्टर पर हमला तथा मोबाइल व लेपटॉप चोरी के दो मामले पहले ही दर्ज हैं।

## कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया स्वागत

# एनसीसी बटालियन का निरीक्षण करने पहुंचे जयपुर ग्रुप कमांडर

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार ने बुधवार को प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल जितेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स ने कर्नल वीरेंद्र कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।





जयपुर ग्रुप कमांडर वीरेंद्र कुमार ने एनसीसी कैडेट्स दी जा रही ट्रेनिंग के विषय में बातचीत की। ब्रीफिंग के दौरान कर्नल जितेंद्र सिंह ने उन्हें बटालियन के अंतर्गत आने वाले सीनियर एवं जूनियर डिवीजन के करीब 28 उच्च माध्यमिक विद्यालयों और 17 महाविद्यालयों में चल रही करीब 3000 एन सी सी कैडेट्स की सहशैक्षिक गतिविधियों व उपलब्धियों से अवगत कराया। इस अवसर पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस एस नाथावत भी मौजूद थे। इस दौरान कैडेट्स फुट ड्रिल, आर्म्स ड्रिल, गार्ड ऑफ ऑनर, चांदमारी, हथियारों का प्रशिक्षण, सैनिक मानचित्र, स्मॉल आर्म्स, मैप रीडिंग आदि के बारे में चर्चा की गई। कर्नल वीरेन्द्र कुमार ने यहां ऑफिस, स्टोर, कोथ, कैंटीन, बैरक व परिसर का भी निरीक्षण किया।

### कैडेट्स का सर्वांगीण विकास करें अधिकारी

कर्नल वीरेन्द्र कुमार ने विभिन्न स्कूल-कॉलेजों से आए सहयोगी एनसीसी अधिकारियों, बटालियन के सूबेदार, स्टाफ एवं सिविल से मुलाकात भी की। इनसे उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में चल रही एनसीसी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए एनसीसी की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है। एनसीसी अधिकारी इस विषय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, उन्हें कैडेट्स को प्रोत्साहित कर उनके सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

## Yuva स्टोरीज




**जयपुर जिले की टीम ने ताइक्वांडो में जीते 8 गोल्ड मेडल |**
**जयपुर।** दूसरी राजस्थान ताईक्वाडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जयपुर जिले के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड, 3 सिल्वर व 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। प्रतियोगिता में जयपुर जिले की टीम प्रथम स्थान पर रही। यह प्रतियोगिता 7 से 9 जुलाई तक भरतपुर में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से तीन सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। जयपुर जिले से प्रतिभागी काजल शेखावत, प्रियांशी पारीक, अनन्या पारीक, विधि शर्मा, भाविका सक्सेना, तृप्सी, राहुल मीणा व जतन पहाड़िया ने स्वर्ण पदक जीते। जिया खडोलिया, भूमिका वर्मा, व अंजली शर्मा ने रजत पदक और कृतिका सक्सेना, अन्विका अलोरिया व विनय शर्मा ने कांस्य पदक जीते। इस उपलब्धि पर कोच साबिर खान और नितिन जोलिया ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर हुई चर्चा |**
**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के गणित विभाग में बुधवार को 'मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य' विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित चर्चा में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की तकनीकें बताईं। विभागाध्यक्ष डॉ. ममता गोयल व प्रो. परेश व्यास ने चर्चा के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालकर सभी विशेषज्ञों का स्वागत किया। रेक्टर डॉ. गणेश कुमार ने चर्चा के विषयों पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रिया मारवाह, डॉ. समता बाली राठौड़, डॉ. रामकिशन जाट, डॉ. महक माथुर और डॉ. श्वेता शर्मा ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। इस चर्चा के मॉडरेटर डॉ. वीके कपूर थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित इंटरेक्टिव सेशन में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. लता चंचलानी, डॉ. शरद सिन्हा और डॉ. गणेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



**शिक्षकों ने किया छात्रों का मार्गदर्शन |**
**जयपुर।** शहीद हिम्मत सिंह शेखावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरलीपुरा स्कीम में बुधवार को डायल फ्यूचर कार्यक्रम के तहत बच्चों के साथ संवाद किया गया। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को विषय एवं संकाय के बारे में जानकारी देते हुए अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषय का चयन करने के लिए हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता कविया, पथप्रदर्शक व्याख्याता प्रीति कंवर, हेल्प डेस्क जयपुर संभाग से कमला स्वामी, उदय सिंह चारण, गौरीशंकर शर्मा, लक्ष्मी वर्मा व सुमित्रा बाजिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 'अनंत्य' में सीए छात्रों से रूबरू हुए अमित जैन

# कोर्स अपडेट के साथ मिला स्टार्टअप माइंडसेट



**बेधड़क** | जयपुर

इंडियन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस 'अनंत्य' के दूसरे दिन बुधवार को देशभर से जुटे सीए छात्रों ने सीए कोर्स और प्रोफेशन से जुड़े विभिन्न टर्म्स पर चर्चा की। इस दौरान देशभर से आए विशेषज्ञ वक्ताओं ने स्टूडेंट्स को अकाउंटेंसी क्षेत्र के लेटेस्ट ट्रेंड्स की जानकारी दी और उनकी स्किल्स को निखारा।

बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन कार देखो के फाउंडर शार्क टैंक इंडिया फेम अमित जैन का स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। अमित जैन ने स्टूडेंट्स के साथ स्टार्ट अप से जुड़े अपने अनुभव साझा करने के साथ ही स्टार्ट अप की दुनिया में आने और सफल होने के लिए जरूरी स्किल्स व माइंडसेट पर बात की। उन्होंने स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब भी दिए और स्टार्ट अप की दुनिया में सफलता के लिए अपने पैशन को फॉलो करने का संदेश दिया।

कॉन्फ्रेंस डायरेक्टर सीए प्रकाश शर्मा ने छात्रों से अपने अनुभव शेयर कर उन्हें मार्गदर्शन दिया और उच्चतम मानकों की प्राप्ति के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा। कॉन्फ्रेंस की सफलता के लिए जयपुर शाखा के सीकासा अध्यक्ष सीए विकास यादव ने सभी छात्रों को बधाई दी। अंत में सभी छात्रों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।




### 13 वक्ताओं ने दी स्पष्टता

कांफ्रेंस के दोनों दिनों में देशभर से आए 13 वक्ताओं ने सीए छात्रों को नवीनतम व्यापारिक मामलों, ऑडिटिंग, वित्तीय प्रबंधन और स्टार्टअप के बारे में ज्ञान प्रदान किया जो उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर देशभर से आए पेपर प्रस्तुतकर्ताओं ने अपने पेपर प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि देश भर में लगभग 8 लाख सीए छात्र हैं। इस सम्मेलन में सीए छात्रों के लिए लागू हो रहे नए कोर्स पर भी छात्रों को स्पष्टता मिली और उनके भ्रम दूर हुए। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने प्रतिभागी छात्रों से प्रतिक्रिया ली। अनंत्य में सीए छात्र प्रोफेशन के नवीनतम ज्ञान और कौशल से परिचित हुए।

### मिला नेटवर्किंग का मंच

यह कॉन्फ्रेंस छात्रों के लिए नॉलेज गेन के साथ ही प्रोफेशनल नेटवर्किंग के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। कॉन्फ्रेंस में देशभर से जुटे करीब 3000 सीए छात्रों ने एक-दूसरे से अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया। यहां आपसी मेल-मिलाप व ज्ञान के आदान प्रदान से सीए छात्रों का आत्मविश्वास मजबूत हुआ।

# 'थार डिजाइन्स' पर मिलकर काम करेंगे IIT और GCKIF

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग ने थार पारिस्थितिकी क्षेत्र में जीवों के नमूनों से संबंधित आंकड़े एकत्र करने, उनका अध्ययन एवं उन्हें साझा करने की दिशा में मिलकर काम करने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। आईआईटी जोधपुर ने जोधपुर सिटी नॉलेज इनोवेशन फाउंडेशन (जेसीकेआईएफ) के सदस्यों के साथ 'थार डिजाइन्स' परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का मकसद किसी स्थान विशेष में रहने वाले जन्तुओं एवं पेड़ पौधों सहित जीवित प्रणियों की रूपरेखा के बारे में समझ बनाने के लिए ढांचा विकसित करना है।

एमओयू के बाद आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. शांतनु चौधरी ने कहा कि इस गठजोड़ के तहत एआई, डाटा साइंस एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग से देश में बहुविषयक रूप में विज्ञान के विकास में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इससे देश में पादप एवं जंतु संरक्षण प्रयासों को बेहतर बनाया जा सकेगा। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) ने पहली बार किसी आईआईटी के साथ साझा लाभ की परियोजना पर काम करने के लिए एमओयू किया है।

# अल्पसंख्यक छात्रावासों के लिए 30 जुलाई तक करें आवेदन

**बेधड़क** | जयपुर

अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से जयपुर में राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास मानसरोवर, राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास किशनपोल, राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास दूदू तथा राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास जयपुर में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इन छात्रावासों में प्रवेश के लिए 30 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शकील अहमद ने बताया कि कक्षा 9 व उच्च कक्षाओं में शहर के किसी भी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्था में नियमित अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग (जैन, सिख, मुस्लिम, बौद्ध, ईसाई, पारसी) के विद्यार्थी, जो छात्रावास में प्रवेश चाहते हैं, वे अपना आवेदन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रवेश फार्म के साथ छात्र का आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, वर्तमान संस्थान प्रमाण पत्र, प्रवेश शुल्क की रसीद, गत वर्ष परीक्षा परिणाम अंकतालिका, पारिवारिक आय प्रमाण पत्र, बैंक पास की कॉपी एवं 2 पासपोर्ट साईज फोटो जरूरी हैं।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
हमारा प्रयास - सबको आवास

क्रमांक :- प1(1)कार्मिक / सीधी भर्ती / 2023/795 दिनांक: 12.07.2023

**सीधी भर्ती - 2023**

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा निम्नांकित पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन ( Online Application) आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | कम्प्यूटर ऑपरेटर ( सहायक प्रोग्रामर) | 06 |
| 02 | डेटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) | 18 |
| 03 | परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) सिविल - डिग्री | 40 |
| 04 | परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) सिविल - डिप्लोमा | 60 |
| 05 | परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) विद्युत - डिग्री | 11 |
| 06 | वरिष्ठ प्रारूपकार | 04 |
| 07 | कनिष्ठ प्रारूपकार | 10 |
| 08 | विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) | 09 |
| 09 | कनिष्ठ लेखाकार | 50 |
| 10 | कनिष्ठ सहायक | 50 |
| | कुल रिक्तियाँ | 258 |

भर्ती प्रक्रिया के सुचारू संपादन हेतु **rhbexam.in** वेबपोर्टल बनाया गया है, जिसका लिंक आवासन मण्डल की वेबसाइट **urban.rajasthan.gov.in/rhb** पर भी उपलब्ध है। उक्त पदों के लिये वांछित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, पदों का वर्गीकरण, परीक्षा-शुल्क, अन्य शर्तें, परीक्षा–पैटर्न, पाठ्यक्रम, वेतन श्रृंखला एवं आवेदन प्रक्रिया इत्यादि की सूचना उपरोक्त वेबपोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक **19.07.2023** से प्रारंभ हो जायेगी।

परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर आवश्यक सूचनाएं **rhbexam.in** वेबपोर्टल पर उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु दिनांक **18.07.2023** से प्रारंभ होने वाली **हैल्पलाइन नम्बर: +91-9363322818/0141-2740064** (प्रात: 09:00 से सायं 06:00 बजे तक) तथा ई-मेल: **support-rhb@cdac.in** पर सम्पर्क किया जा सकेगा।

**सचिव**

राजस्थान संवाद

आवास भवन, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर-302005


## इनीशिएटिव | कानोडिया कॉलेज में जागरुकता अभियान शुरू

# टीचर्स ने सीखे सायबर सिक्योरिटी के गुर

**बेधड़क** | जयपुर

कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की टीचर्स ने बुधवार को सायबर सिक्योरिटी के गुर सीखे। महाविद्यालय में टीचिंग-लर्निंग सेंटर की ओर से डॉ. सीबीएस सायबर फाउंडेशन एवं सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में 'सेफ सोशल मीडिया एंड डिजिटल पेमेंट' विषय पर जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया गया।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पाना चन्द जैन एवं मुख्य वक्ता रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर व डॉ. सीबीएस सायबर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. सीबी शर्मा रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से महाविद्यालय की विभिन्न संकायों की छात्राओं को कक्षावार बैच बनाकर जागरूक किया जाएगा।


महाविद्यालय में यह अभियान एक महीने तक चलाया जाएगा। सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के उप-प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा अभी तक 7 हजार छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने जागरुकता अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पाना चन्द जैन ने कहा कि वर्तमान में सायबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए हम सभी को सायबर सुरक्षा के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। डॉ. सीबी शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था की ओर से सायबर सेफ्टी एवं सिक्युरिटी पर 150 सत्रों का आयोजन किया जा चुका है।

डॉ. शर्मा ने इस दौरान मोबाइल एवं अन्य गैजेट्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के टिप्स भी दिए। संस्था के चीफ सायबर सिक्युरिटी एनलिस्ट सचिन शर्मा ने फिशिंग, सोशल इंजिनियरिंग, सर्फिंग, क्लोनिंग ऑफ एटीएम कार्ड के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन टीचिंग लर्निंग सेंटर की संयोजक डॉ. प्रीति शर्मा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 100 से अधिक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### 2024 की चुनावी बिसात

# पार्टियों का कुनबा बढ़ाओ अभियान



तनवीर जाफ़री
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> पंजाब में भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ को ही पंजाब प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष बनाकर यह भी साबित कर दिया है कि भाजपा का पंजाब में अपना जनाधार नहीं है, बल्कि वह सुनील जाखड़ व कैप्टन अमरेंद्र सिंह जैसे पूर्व कांग्रेस नेताओं के बल पर और अकाली दल (बादल) से गठबंधन कर पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अपनी बिसात बिछाना चाह रही है। भाजपा जहां उत्तर प्रदेश में ओमप्रकाश राजभर को अपने कुनबे में शामिल कर पूर्वांचल में अपनी स्थिति मजबूत बनाने की फिराक में है, वहीं बिहार में विभाजित लोकजनशक्ति पार्टी यानी राम विलास पासवान के भाई व केंद्रीय मंत्री परशुरामनाथ पारस व पासवान के पुत्र चिराग पासवान में सुलह सफाई कराकर 'समग्र लोजपा' को अपने पाले में लेने की कोशिश में है।

चुनाव लगभग दस महीने बाद 2024 में होने वाले आम लोकसभा चुनावों की बिसात बिछने लगी है। विपक्षी दलों का जहां यह प्रयास है कि इस बार किसी भी तरह आपसी मतभेदों को भुलाकर भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन तैयार किया जाए, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी न सिर्फ संगठनात्मक स्तर पर स्वयं को मजबूत करने में जुटी है, बल्कि कई क्षेत्रीय दलों से गठबंधन की योजना पर भी काम कर रही है। खासतौर पर आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में चंद्र बाबू नायडू की उसी तेलगुदेशम को पुनः राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने की फिराक में है जो आंध्र प्रदेश को 'विशेष राज्य का दर्जा' न दिला पाने तथा तीन तलाक के मुद्दे पर विपक्ष के साथ जाने के चलते 2018 में एनडीए से अलग हो गई थी।

इसी तरह भाजपा पंजाब में अकाली दल बादल को साथ जोड़ने की योजना बना रही है जो दो वर्ष पूर्व तीन विवादित कृषि कानूनों के विरोध में एनडीए से अलग हुई थी। परन्तु अब वह तीनों विवादित कानूनों की वापसी भी हो चुकी है और पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस-भाजपा-अकाली दल सभी को बुरी तरह पराजित कर ऐसे राजनीतिक हालात पैदा कर दिए हैं कि भाजपा-अकाली दोनों को ही एक-दूसरे के सहयोग की जरूरत महसूस हो रही है। वैसे तो पंजाब में भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ को ही पंजाब प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष बनाकर यह भी साबित कर दिया है कि भाजपा का पंजाब में अपना जनाधार नहीं है, बल्कि वह सुनील जाखड़ व कैप्टन अमरेंद्र सिंह जैसे पूर्व कांग्रेस नेताओं के बल पर और अकाली दल (बादल) से गठबंधन कर पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अपनी बिसात बिछाना चाह रही है।

इसी तरह भाजपा जहां उत्तर प्रदेश में ओमप्रकाश राजभर को अपने कुनबे में शामिल कर पूर्वांचल में अपनी स्थिति मजबूत बनाने की फिराक में है, वहीं बिहार में विभाजित लोकजनशक्ति पार्टी यानी राम विलास पासवान के भाई व केंद्रीय मंत्री परशुरामनाथ पारस व पासवान के पुत्र चिराग पासवान में सुलह सफाई कराकर 'समग्र लोजपा' को अपने पाले में लेने की कोशिश में है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा तथा मुकेश सहनी जैसे बिहार के प्रभावशाली नेताओं के भी उनकी पार्टियों के साथ एनडीए में शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

> भाजपा इन दिनों युद्धस्तर पर एक साथ कई मिशन पर काम कर रही है। इनमें अपनी पार्टी में दूसरे दलों के लोगों को शामिल कर पार्टी मजबूत करना, विपक्षी दलों में तोड़-फोड़ को हवा देना, विपक्षी नेताओं को ईडी व सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का भय दिखाकर उन्हें अपने साथ जोड़ना तथा एनडीए से अलग हुए दलों को पुनः एनडीए में शामिल करना और संभव हो तो नये दलों को भी एनडीए के कुनबे में शामिल करना जैसी रणनीतियां शामिल हैं।

इसी तरह कर्नाटक में भाजपा का प्रयास है कि किसी तरह जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के साथ भी उसकी बात बन जाए ताकि कर्नाटक की विधानसभा में हुई जबरदस्त हार के बाद राज्य की लोकसभा की 28 सीटों पर जेडीएस के साथ चुनाव लड़कर कुछ सीटें जीती जा सकें।

भाजपा को अपनी 'कुनबा विस्तार योजना' दरअसल तब शुरू करनी पड़ी है जबकि उसे हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक जैसे राज्यों में सत्ता गंवानी पड़ी। बंगाल में भी उसे मुंह की खानी पड़ी। यानी भाजपा का 'विश्वविजेता' बनने का नशा दरअसल अब उतर चुका है और उसे यह एहसास हो चुका है कि उसके लिए क्षेत्रीय दलों की बैसाखी का सहारा लिए बिना 2024 में सत्ता वापसी की राह आसान नहीं है। भाजपा द्वारा धर्म-सम्प्रदाय व जातिवाद के तमाम हथकंडे अपनाने के बावजूद कर्नाटक में मिली जबरदस्त हार भी उसे यह सोचने के लिए मजबूर कर रही है कि कहीं ऐसा न हो कि कर्नाटक के चुनाव परिणाम की पुनरावृत्ति लोकसभा 2024 में भी हो। उससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गई सफल भारत जोड़ो यात्रा ने भी भाजपा नेताओं के कांग्रेस मुक्त भारत के सपनों में पलीता लगा दिया है और कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव काफी मजबूती से लड़ने जा रही है। इसके अलावा पिछले 23 जून को पटना में देश के प्रमुख 15 विपक्षी दलों के प्रमुखों का इकठ्ठा होना जैसी परिस्थितियों ने भी भाजपा को अपनी 'विजेता' बने रहने की गलतफहमी दूर कर कमर कसने के लिए मजबूर कर दिया है। भाजपा अपनी इस रणनीति के तहत विपक्षी दलों में फूट डालने से लेकर दूसरे दलों के नए बागियों यानी अपने नए सहयोगियों को मंत्रिमंडल में जगह भी दे सकती है।

एनडीए का विस्तार हो या अपनी ही पार्टी (भाजपा) में दूसरे दलों के नेताओं को शामिल कर दूसरे दलों को कमजोर व भाजपा को मजबूत करना, इस नीति पर भी पार्टी लगातार काम कर रही है। इसी कोशिश का परिणाम मध्य प्रदेश में देखा जा चुका है, जबकि ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनके साथी विधायकों के साथ कांग्रेस से भाजपा में शामिल कराया गया और मध्य प्रदेश विधानसभा के जनमत को ठेंगा दिखाते हुए राज्य की निर्वाचित कमलनाथ सरकार गिराकर भाजपा की सरकार बनाई गई। पिछले दिनों पटना में विपक्षी दलों की एकता की आहट से घबराई भाजपा ने महाराष्ट्र में भी अपना विभाजनकारी एजेंडा चलाते हुए शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दो फाड़ करा दिया। अजित पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री व शरद पवार की एनसीपी छोड़ने वाले उनके कई साथी विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिला दी गई। हालांकि इनमें अजित पवार सहित कई एनसीपी नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधी मामले चल रहे हैं। परन्तु 2024 की 'कुनबा विस्तार योजना' को अधिक महत्वपूर्ण समझते हुए भ्रष्टाचारियों को भी गले लगाने से परहेज नहीं किया गया।

दरअसल भाजपा कर्नाटक के उस वोटिंग पैटर्न से चिंतित है जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यदि देश के मतदाताओं ने कहीं कर्नाटक की ही तर्ज पर मतदान कर दिया यानी अल्पसंख्यक, दलित व पिछड़े मतदाता, विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के पक्ष में चले गए और आम मतदाता धर्म के बजाए मंहगाई व बेरोजगारी के नाम पर वोट देने लगा तब स्वयं को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली भाजपा का क्या होगा। निश्चित रूप से एक ओर जहां कांग्रेस न केवल सवर्ण बल्कि अपने पारम्परिक ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं को अपने साथ पुनः जोड़ने का पूरा प्रयास कर रही है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा भी पसमांदा मुसलमानों के बहाने अल्पसंख्यकों के एक बड़े वर्ग को लुभाने की रणनीति बना रही है। यानी भाजपा इन दिनों युद्धस्तर पर एक साथ कई मिशन पर काम कर रही है। इनमें अपनी पार्टी में दूसरे दलों के लोगों को शामिल कर पार्टी मज़बूत करना, विपक्षी दलों में तोड़-फोड़ को हवा देना, विपक्षी नेताओं को ईडी व सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का भय दिखाकर उन्हें अपने साथ जोड़ना तथा एनडीए से अलग हुए दलों को पुनः एनडीए में शामिल करना और संभव हो तो नये दलों को भी एनडीए के कुनबे में शामिल करना जैसी रणनीतियां शामिल हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

## चौधराहट की जंग



ललित शर्मा
व्यंग्यकार

दोस्तों, अपने देश की राजनीति का खेल मजेदार है और इस खेल के किरदार राजनेता तो और भी मजेदार है। इन किरदारों को देखकर हंसी भी आती है और रोना भी आता है। इस खेल के किरदारों राजनेताओं को चौधराहट का भी जबरदस्त रोग लगा हुआ है। वैसे हर रोग पीड़ा देता है, लेकिन चौधराहट ऐसा रोग है जो नेताओं को सदैव ही आनंद की अनुभूति कराता है। भले ही चौधराहट चले या नहीं चले। क्योंकि चौधराहट का सिद्धांत है... घोड़ा गिरे तो एक मजा, घुड़सवार गिरे तो दो मजे और दोनों गिरे तो तीन मजे। यानी चौधराहट में मजे ही मजे हैं।

चौधराहट से जुड़ा एक प्रसंग भी मुझे अनायास ही याद आ रहा है। कुछ दिनों पहले मेरे शहर में हर काम में चौधराहट करने वाला एक चौधरी बूढ़ा और थोड़ा कमजोर हो गया, बीमार रहने लगा। उसका बेटा अपने पिता की चौधराहट सत्ता को सही ढंग से संभाल नहीं पाया। इसी दौरान एक नया चौधरी पैदा हो गया और उसने पुराने चौधरी के चौधराहट रूपी साम्राज्य पर कब्जा जमा लिया। नए चौधरी ने पुराने चौधरी और उसके चमचों की चौधराहट ठंडी करनी शुरू कर दी। इससे सभी परेशान हो गए। पुराने चौधरी के बेटे ने नए चौधरी की चौधराहट को बेदखल करने का प्रयास भी किया, मगर सफल नहीं हो पाया।

वैसे नया चौधरी है भी बेहद होशियार और नए-नए पैंतरों का धनी। नया चौधरी नए-नए पैंतरों से पुराने चौधरी की चौकड़ी के लोगों और इधर-उधर गलियों के स्तर पर चौधराहट करने वालों को बेदखल करने लगा तो गलियों के चौधरियों ने एक सभा बुलाई और एकजुट होकर नए चौधरी को हटाने की तैयारी करने लगे। सभी गलियों के चौधरी एक-दूसरे से सहयोग देने का आग्रह करने लगे, लेकिन ज्योंहि यह बात आती कि शहर का नया चौधरी कौन होगा, तो सभी आपस में लड़ने लगते हैं। पुराने चौधरी का बेटा चाहता था कि मेरे वंश की चौधराहट रूपी सत्ता को मैं संभालूं, जबकि गलियों के चौधरी इस मौके का फायदा उठाकर अपनी चौधराहट मजबूत करने में लगे हैं। नया चौधरी अपनी होशियारी से गलियों के चौधरियों को कभी आपस में लड़ाता है तो कभी किसी को अपने साथ करके उसकी चौधराहट को थोड़ा मजबूत कर देता है। इतना ही नहीं नए चौधरी ने कुछ गलियों में नए चौधरी भी खड़े कर दिए, जो गलियों के पुराने चौधरियों को उनकी औकात बताने लगे। इससे गलियों के पुराने चौधरी और ज्यादा बैचेन हो उठे।

नए चौधरी ने एक और होशियारी दिखाई कि उसने अपने घरवालों को अपने चौधराहट रूपी साम्राज्य से दूर रखा, जिससे नए चौधरी खेमे के छोटे चौधरियों को लगता है कि कभी उनका भी मुख्य चौधरी के रूप में राज्याभिषेक हो सकता है। जबकि पुराने चौधरी के सभी घरवाले और चमचों के घरवाले भी चौधराहट करते हैं। इससे कई बार घर में ही ढिशूम-ढिशूम... हो जाती है, क्योंकि प्रधान चौधराहट तो सभी को ज्यादा सुहाती है।

दोस्तों, फिलहाल नया चौधरी और पुराना चौधरी तथा गलियों के चौधरी अपने-अपने ब्रह्मास्त्र निकाल कर शहर की चौधराहट पर कब्जे के लिए नए-नए पैंतरे फेंक रहे हैं। धैर्य रखिये, चौधराहट का फैसला अभी नहीं, वर्ष 2024 में होगा। आइए, तब तक अपुन सभी लेते हैं, इस चौधराहट की पैंतरेबाजियों का आनंद।

---



**अमित शाह,** गृह मंत्री
**@amitshah**
नाबार्ड, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और अन्य आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ MSME क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में भी अहम योगदान दे रहा है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@ashokgehlot51
जैसलमेर में हुई बच्चों से भरी स्कूल बस की दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में मृत शिक्षक के परिवार के प्रति हमारी गहन सहानुभूति है।

---

**यादों की पोटली से...**

# हर तरफ सन्नाटा है... जुल्मो-सितम पर कहीं से कोई आवाज नहीं आती



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

> एक सड़क किनारे हवा की दुकान थी। उस पर आय से अधिक की संपत्ति का इनकम टैक्स का छापा पड़ता है। इनकम टैक्स वाले पूछते हैं, न कोई खर्चा, ना कोई मशीन, सिर्फ कमाई-कमाई, भैया ये कैसे संभव है। उसका जवाब था, साब सरकारी पानी की सप्लाई वाले नल के पास ही दुकान खोल रखी है।

हाल ही में हमारे अजीज और प्रतिष्ठित अखबार के संपादक जी से निजी मुलाकात हुई। उनका मानना था कि लोगों ने प्रतिक्रिया देना बंद कर दिया है। जब तक अपने ऊपर नहीं गुजरेगी, हम चुप रहेंगे। पेट्रोल के दाम 110 हों या बिजली के बिल में टैक्स, सड़क घटिया बन रही हों या पड़ोस में मारपीट हो रही है। लोग एक दूसरे से असम्पृक्त होते जा रहे हैं। पहले शादी या गमी दोनों में ही उपस्थित होना अनिवार्य होता था। अब बहाने बन जाते हैं। ये स्थिति समाज के लिए घातक है। बात कड़वी और गहरी है। किसी जमाने में पुराने शहरों में पाटों में चर्चा होती थी, बड़ी से बड़ी बहस भी स्वस्थ्य होती थी। अब टीवी न्यूज देखिए, बहस कम जूतम फाग ही होती है।



पहले आप कुछ भी गलत प्रसारित कर देते थे तो तुरंत फोन आ जाते थे। अब अखबार भयंकर ब्लंडर छाप देते है, भाषा की दुर्गति कर देते हैं पर कितने पाठक हैं जो प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। मुझे याद है, आकाशवाणी जयपुर से एक कार्यक्रम प्रसारित होता था "हलचल"। हम उसमें रेडियो कार्टून बजाते थे। ट्रैफिक के सिपाही पर एक व्यंग्य था। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर। हवलदार कहता है, "सर मैंने सड़क का बहुत ख्याल रखा है, सात दिन तक किसी को सड़क पर आने ही नहीं दिया। हो गई न सर सड़क सुरक्षा।" एक रिटायर्ड पुलिस महानिदेशक ने चिट्ठियों के अम्बार जड़ दिए। हमारी छवि के विपरीत है आपका प्रसारण। आधा घंटे तक फोन में लताड़ा उन्होंने। जबकि वो सेवानिवृत्त हो चुके थे। ऐसे ही एक कार्टून बना था। एक सड़क किनारे हवा की दुकान थी। उस पर आय से अधिक की संपत्ति का इनकम टैक्स का छापा पड़ता है।

इनकम टैक्स वाले पूछते हैं, न कोई खर्चा, ना कोई मशीन, सिर्फ कमाई-कमाई, भैया ये कैसे संभव है। उसका जवाब था, साब सरकारी पानी की सप्लाई वाले नल के पास ही दुकान खोल रखी है। सरकारी नल में पानी तो आता नहीं बस सू सू करके हवा ही आती है दिन भर, सो मुफ्त में हवा भर के काम चल जाता है, मशीन का खर्चा क्यूं? तब सरकारी नलों में सुबह शाम ही पानी आता था और पानी की सप्लाई शुरू होने से पहले नल से हवा पहले निकलती थी। भाई साहब इनकम टैक्स कमिश्नर से लेकर जल विभाग ने गजब प्रतिक्रिया दी। कहने का अभिप्राय इतना ही है कि किसी के खिलाफ कुछ भी बोलने से पहले सोचना पड़ता था। विभाग अपनी इमेज को लेकर प्रतिक्रिया करते थे। आज सरेआम किसी विभाग का आदमी घूस लेते पकड़ा जाता है तो क्या विभाग का उच्चाधिकारी शर्मिंदगी छपवाता है। वो भी एक वक्त था जब एक रेलवे दुर्घटना पर रेल मंत्री ने इस्तीफा दे दिया था। आज बड़े-बड़े पुल बनने से पहले धंस जाते हैं और जनता के लिए मात्र एक समाचार है। बलात्कार, भ्रष्टाचार और अत्याचार के समाचारों पर हमारी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। आपकी गाढ़े टैक्स से बनी सड़क टूट जाए तो आप बोलते ही नहीं हैं, वहीं हमारे उधार दिए रुपये कोई खा जाए तो आप जीवन भर कोसते हैं। सरकारी गाड़ी टैक्स की कमाई से हर मुख्यमंत्री करोड़ों के प्रचार विज्ञापन देते हैं और आप चुप हैं। प्रतिक्रिया विहीन हैं। भाई बोल के कौन दुश्मनी ले।

बजरी माफियाओं के खिलाफ या अपराधी के खिलाफ बोल के मरना है क्या? जब अखबार ही आवाज नहीं उठाते, अपना हित देखते हैं तो हम तो आम नागरिक हैं हमें क्या? पतली गली से निलकने की प्रतिक्रिया हाजिर है। आज मुझे सन्नाटों की वेदना रूपक याद आता है। 2000 के दशक में बलात्कारों की बाढ़ आ गई थी। द्रौपदी के चीर हरण के वक्त के वाकये को हमने दिखाया था जब भरी सभा में पांडव, भीष्म, आचार्य द्रोण जैसे न्यायप्रिय लोग भी द्रौपदी के चीर हरण पर मौन थे। प्रतिक्रिया विहीन थे। एक वो सन्नाटा था और वैसा ही सन्नाटा बलात्कार की घटनाओं पर आज भी रहता है। हमने हर घटना पर छाये सन्नाटे के बाद एक थप्पड़ का इफेक्ट दिया था यानी हर बलात्कार हमारे मुंह पर एक तमाचा है।

मैंने अपनी माताजी को वो कार्यक्रम सुनाया। जानते हैं क्या प्रतिक्रिया मिली। वो कार्यक्रम सुनकर इतनी विचलित हो गई कि उन्होंने बिना कुछ सोचे मुझे एक थप्पड़ जड़ दिया। मैं भौंचक था, ये कौन सी प्रतिक्रिया थी। शायद एक स्त्री का विद्रोह एक पुरुष से था। बाद में उस रूपक को एशियाई ब्रॉडकास्ट यूनियन का इनाम मिला। पर मेरे लिए शायद थप्पड़ ही इनाम था। आज सोचता हूं, हर मां वैसी प्रतिक्रिया दे दे तो धरती स्वर्ग हो जाए।

**भाजपा के खिलाफ एकजुटता की कवायदः** बेंगलुरु में मीटिंग17 व 18 को, सोनिया भी रहेंगी मौजूद

# इस बार बैठक में बढ़ेगा विपक्ष का कुनबा, 24 दल हो सकते हैं शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चुनौती देने के मकसद से जारी विपक्षी एकजुटता की कवायद के तहत बेंगलुरु में 17 और 18 जुलाई को होने वाली विपक्ष की अगली बैठक में 24 पार्टियां भाग लेंगी। जो 24 राजनीतिक दल विपक्षी बैठक में शामिल होने जा रहे हैं उनके करीब 150 लोकसभा सदस्य हैं।



विपक्षी दलों की 23 जून को पटना को हुई पिछली बैठक में 15 राजनीतिक दल शामिल हुए थे। उसके मुकाबले इस बार नौ और राजनीतिक दल भी विपक्षी दलों की बैठक का हिस्सा बनेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी 17 जुलाई को विपक्षी नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में शामिल हो सकती हैं।

सूत्रों ने बताया कि 17 जुलाई को रात्रिभोज नेताओं की मुलाकात के बाद इसके अलग दिन विधिवत चर्चा होगी जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तय की जा सकती है।

### ये पार्टियां भी हो सकती हैं शामिल

सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में एमडीएमके, केडीएमके, वीसीके, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और केरल कांग्रेस (मणि) भी शामिल होंगे।

### आप को भी किया आमंत्रित

विपक्ष की बैठक में आम आदमी पार्टी को भी आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी ने पिछले दिनों कहा था कि कि अगर कांग्रेस दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं करती है तो वह कांग्रेस की मौजूदगी वाली किसी बैठक का हिस्सा नहीं होगी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को उम्मीद जतायी थी कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्षी दलों की अगली बैठक में भाग लेंगी।

## BRS का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

**हैदराबाद**। तेलंगाना की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति की विधानपरिषद सदस्य के. कविता और अन्य पार्टी नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी की इस कथित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन किया कि किसानों के लिए तीन घंटे मुफ्त बिजली ही काफी है तथा चौबीस घंटे मुफ्त बिजली की जरूरत नहीं है। फिलहाल अमेरिका यात्रा पर गये रेड्डी ने इस तरह के किसी भी बयान का खंडन किया है।कविता एवं अन्य पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ यहां विद्युत विभाग के मुख्यालय विद्युत सौध में प्रदर्शन किया।



### कांग्रेस के खिलाफ फैला रहे झूठ: ठाकरे

इस बीच, तेलंगाना के कांग्रेस मामलों के प्रभारी मानिकराव ठाकरे ने दिल्ली में कहा कि बीआरएस ने रेड्डी द्वारा अमेरिका में दिए गए बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया। बीआरएस कांग्रेस के खिलाफ झूठ फैलाने की कोशिश कर रही है। ज्ञात रहे कि दोनों पार्टियां यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं।

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ाई



**चेन्नई**। तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत को यहां की एक अदालत ने बुधवार को 26 जुलाई तक बढ़ा दी। इससे पहले मंत्री की पत्नी द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर अंतरिम आदेश सुनाते हुए मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सीवी कार्तिकेयन ने प्रधान सत्र न्यायाधीश इस मामले की आगे की सुनवाई करने का आदेश दिया था। इसकी अनुपालना करते हुए न्यायाधीश एस अल्ली ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर एक आवेदन पर बालाजी की रिमांड बढ़ाई है। बालाजी को 14 जून को ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत नकदी के बदले नौकरी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

### शीला दीक्षित का आवास होगा राहुल का नया घर

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दिल्ली के निजामुद्दीन पूर्व स्थित उस आवास को अपना नया आशियाना बना सकते हैं जहां पहले पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित रहा करती थीं। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी जल्द ही निजामुद्दीन पूर्व के मकान संख्या बी-2 में रहने आ सकते हैं। दिवंगत शीला दीक्षित के इस निजी आवास में अब तक उनके पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित रह रहे थे। सूत्रों का कहना है कि संदीप दीक्षित इस मकान से कुछ दूरी पर ही स्थित एक अन्य मकान में रहेंगे। लोकसभा की सदस्यता जाने से पहले राहुल गांधी 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी आवास में रहते थे। संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्होंने यह बंगला खाली कर दिया था और इसके बाद से अपनी मां सोनिया गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ में रह रहे हैं।

**पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव**

# अदालत के अंतिम आदेश पर निर्भर करेंगे चुनाव नतीजे: HC

**एजेंसी** | कोलकाता

■ राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य व केंद्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव और इसके परिणामों की घोषणा मतदान के दिन चुनावी धांधली होने के आरोपों से जुड़े विषयों की सुनवाई के सिलसिले में उसके अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी।

अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी), राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चुनावी धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा,चुनाव प्रक्रिया और इसके परिणामें की घोषणा इस रिट याचिका में पारित हो सकने वाले आदेशों पर निर्भर करेगी। सभी उम्मीदवारों को सूचना देने के निर्देश अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग को उन सभी उम्मीदवारों को इस पहलू की सूचना देनी चाहिए, जिन्हें विजेता घोषित किया गया है।

राज्य में आठ जुलाई को हुए पंचायत चुनावों में बड़े पैमाने पर हिंसा और चुनावी धांधली होने के आरोप लगाते हुए याचिकाओं में आयोग को करीब 50,000 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पुनर्मतदान 696 मतदान केंद्रों पर कराया गया और 11 जुलाई को मतगणना शुरू की गई। एक याचिकाकर्ता ने एक वीडियो दिखाया था जिसमें मतदान के दिन कथित चुनावी धांधली को प्रदर्शित किया गया था। अदालत ने याचिकाकर्ता को इस वीडियो की प्रति आयोग, राज्य सरकार और केंद्र के वकीलों को बुधवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने निर्देश दिया कि विषय को सुनवाई के लिए 19 जुलाई को उसके समक्ष रखा जाए।



### लोगों की मौत से दुखी हूं: ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाओं में लोगों की मौत होने से वह दुखी हैं। उन्होंने कहा, चुनाव 71,000 बूथ पर हुए, लेकिन हिंसा की घटनाएं 60 से कम बूथ पर हुईं। उन्होंने राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, हिंसा के पीछे जो लोग हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मैं पुलिस को खुली छूट दे रही हूं। बनर्जी ने चुनाव के बाद शांति एवं सद्भाव की अपील भी की।

### झड़प में तीन लोगों की मौत

दक्षिण 24 परगना जिले में मतगणना केंद्र के बाहर हुई झड़प में इंडियन सेक्युलर फ्रंट के दो समर्थकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार देर रात हुई जब आईएसएफ के सदस्यों ने कोलकाता से करीब 30 किलोमीटर दूर भंगोर में मतगणना केंद्र के बाहर कथित तौर पर बम फेंके और इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े।

### नतीजे जनादेश के परिचायक नहीं

**दार्जिलिंग**। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख बिमल गुरुंग ने बुधवार को दावा किया कि दार्जिलिंग पहाड़ियों में पंचायत चुनाव परिणाम जनादेश को प्रतिबिंबित नहीं करता है बल्कि यह धन बल के खुलेआम प्रदर्शन की जीत है।

### तृणमूल की सीटें 35 हजार के पार

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस हिंसा प्रभावित पंचायत चुनाव में बुधवार को भारी जीत हासिल करने की ओर अग्रसर है, क्योंकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक घोषित परिणामों में उसे अजेय बढ़त मिल गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार तृणमूल ने 34,901 ग्राम पंचायत सीट जीत ली हैं, साथ ही उसके उम्मीदवार 613 सीट पर आगे है। ग्राम पंचायत की कुल 63,229 सीट के लिए चुनाव हुए हैं। भाजपा 9,719 सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है और 151 सीट पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। माकपा ने 2,938 सीट पर जीत दर्ज की है और 67 सीट पर आगे है। कांग्रेस ने 2,542 ग्राम पंचायत सीट पर जीत दर्ज की तथा 66 अन्य पर आगे है। सत्तारूढ़ तृणमूल ने पंचायत समिति की 6,430 सीट अपने नाम की, जबकि 193 सीट पर आगे है। भाजपा ने 982 सीट जीती तथा 53 सीट पर आगे है।



**राहुल से संबंधित मानहानि मामला**

## सुप्रीम कोर्ट में जल्द दायर की जाएगी याचिका: सिंघवी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को कहा कि मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद अब इस विषय में बहुत जल्द उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।

सिंघवी ने इससे जुड़े एक सवाल पर संवाददाताओं से कहा, याचिका तैयार की जा रही है। शीघ्र ही इसे दाखिल किया जाएगा। इसके बाद उस पर जिरह होगी।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर उच्चतम न्यायालय का रुख किया जाएगा। ज्ञात हो कि गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध गत सात जुलाई को खारिज कर दिया था।



### भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने दाखिल की कैविएट

**नयी दिल्ली**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले के शिकायतकर्ता भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने उच्चतम न्यायालय में एक कैविएट दाखिल की है। कैविएट में अनुरोध किया गया है कि अगर राहुल गांधी मोदी उपनाम टिप्पणी मामले में उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए कोई याचिका दाखिल करते हैं, तो शिकायतकर्ता के पक्ष को भी सुना जाए। गुजरात हाई कोर्ट की एकल पीठ ने सात जुलाई को गांधी की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक मोदी ने वकील पी एस सुधीर के माध्यम से कैविएट दाखिल की।

**राज्यसभा चुनाव : भाजपा प्रत्याशी घोषित**

## अनंत राय महाराज को टिकट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए गुजरात से बाबूभाई जेसंगभाई देसाई और केसरी देवसिंह जाला को उम्मीदवार बनाया है जबकि पश्चिम बंगाल से ग्रेटर कूच बिहार पीपुल्स एसोसिएशन के नेता अनंत राय 'महाराज' को टिकट दिया गया है। भाजपा की ओर से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई।

गुजरात से राज्यसभा की 11 सीट में से वर्तमान में आठ पर भाजपा और बाकी पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के पास जो आठ सीट हैं, उनमें से एस जयशंकर, जुगलजी ठाकोर और दिनेश अनावाडिया का कार्यकाल 18 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। इन तीन सीट के लिए ही चुनाव होना है।



### ग्रेटर कूच बिहार के हिमायती हैं अनंत

पश्चिम बंगाल से अलग 'ग्रेटर कूचबिहार' राज्य बनाने की मांग कर रहे अनंत राय 'महाराज' ने मंगलवार को कूचबिहार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशित प्रमाणिक के साथ बैठक के बाद कहा कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा टिकट देने की पेशकश की है। प्रमाणिक ने ग्रेटर कूच बिहार पीपुल्स एसोसिएशन के नेता अनंत से उनके आवास पर मुलाकात की और दोनों के बीच एक घंटे तक बातचीत हुई।

### कांग्रेस का मौनव्रत सत्याग्रह




**बेंगलुरु।** कांग्रेस की ओर से बुधवार को पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए बुधवार को देशभर में मौनव्रत सत्याग्रह आयोजित किया गया। बेंगलुरु के स्वतंत्रता पार्क में मौनव्रत सत्याग्रह पर बैठे कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार व पार्टी नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला।

### भाजपा का CBI जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन

**बेंगलुरु**। बेलगावी में जैन मुनि आचार्य श्री कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या के खिलाफ विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने यहां विधान सौध में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में विधायकों ने प्रतिमा के पास बैठकर राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा ने कहा कि जब से मई में कांग्रेस दल सत्ता में आया है, जानी मानी हिंदू हस्तियों की हत्याएं शुरू हो गई हैं।

**द्रमुक ने विधि आयोग को सौंपा प्रतिवेदन, कहा...**

# समान नागरिक संहिता विभाजनकारी, बिगड़ सकता है शांति व सद्भाव

**एजेंसी** | चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम ने बुधवार को कहा कि उसने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ विधि आयोग को अपना प्रतिवेदन सौंप दिया है और प्रस्तावित संहिता लागू नहीं करने की केंद्र से सिफारिश करने का उससे आग्रह किया है।

पार्टी ने अपनी दलील में कहा कि यूसीसी विभाजनकारी है और यह शांति व सद्भाव में खलल डालेगी। द्रमुक ने अपनी दलील में डॉ भीम राव आंबेडकर के आश्वासन, संवैधानिक प्रावधानों, संविधान सभा की चर्चाओं, विषय पर कानून बनाने के राज्य के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, आदिवासियों के विशिष्ट रीति-रिवाज, हिंदू संयुक्त परिवार की अवधारणा और जातिगत भेदभाव मिटाने के लिए एक समान जाति संहिता की जरूरत का उल्लेख किया है। द्रमुक ने विधि आयोग से कहा कि भारत की सुंदरता सदा से इसकी विविधता में रही है, ऐसे में राजनीतिक फायदे के लिए यूसीसी जैसा विभाजनकारी कानून पेश करना शांति, स्थिरता, और तमिलनाडु में धार्मिक समूहों के बीच सद्भाव में खलल डालेगा।





पार्टी ने कहा कि इसलिए लोगों के हित में इसकी जरूरत नहीं है। जातीय या धार्मिक समूहों में टकराव मणिपुर जैसी व्यापक हिंसा की ओर ले जा सकता है जिसे रोक पाने में केंद्र और राज्य सरकारें असमर्थ हैं।

### संघवाद के सिद्धांत के खिलाफ है यूसीसी

द्रमुक ने कहा कि सभी नागरिकों के अधिकारों पर यूसीसी के व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा और इसका राज्य में धार्मिक लोकाचार, कानून व्यवस्था, शांति व स्थिरता पर संभवत: विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। विवाह और तलाक पर केंद्र और राज्य, दोनों की समान शक्तियां हैं तथा कानून लागू करने के लिए राज्यों की शक्तियां छीनना असंवैधानिक तथा सहकारी संघवाद के सिद्धांतों के खिलाफ है। द्रमुक ने कहा, इस तरह की समान नागरिक संहिता संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत अपने धर्म का आचरण करने की स्वतंत्रता के अधिकार और अनुच्छेद 29 के तहत प्रदत्त अल्पसंख्यकों को मिले अधिकारों के खिलाफ है। विवाह और उत्तराधिकार के विषय पर यहां तक कि संविधान सभा के सदस्यों ने भी चिंता जताई थी।

### अल्पसंख्यकों पर थोपने की कोशिश

राज्य में सत्तारूढ़ दल ने कहा कि, केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों पर इसे थोपने की कोशिश कर रही, ताकि उनकी विशेष पहचान खत्म की जा सके। यह स्थापित तथ्य है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत मूल अधिकारों को अमान्य नहीं करेंगे।

### अंबेडकर UCC के समर्थन में थे: अठावले

**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने यहां बुधवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) मुसलमानों या आदिवासी समुदाय के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। डॉ भीम राव अंबेडकर यूसीसी के समर्थन में थे, और धार्मिक सद्भाव के लिए इसकी आवश्यकता है। अठावले ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, कांग्रेस यह दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा और इसकी सरकार संविधान को बदल देगी। विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एकता एवं सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए यूसीसी की जरूरत है। यहां तक कि संविधान निर्माता अंबेडकर भी यूसीसी के समर्थन में थे।

### कांग्रेस का रुख स्पष्ट नहीं : माकपा

कोझिकोड (केरल)। केरल में सत्तारूढ़ माकपा ने बुधवार को कांग्रेस पर समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि सबसे पुरानी पार्टी विभिन्न राज्यों में अलग-अलग रुख अपना रही है। माकपा के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि 15 जुलाई को कोझिकोड में यूसीसी पर पार्टी द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कांग्रेस को आमंत्रित नहीं किया गया है, क्योंकि उसका कोई एकजुट रुख नहीं है।

## जरूरी खबर

### दीपक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले पार्टी के प्रदेश संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए बुधवार को सांसद दीपक बैज को अपनी राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैज को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। बस्तर से लोकसभा सदस्य बैज ने मोहन मरकाम का स्थान लिया है। छत्तीसगढ़ में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। इस समय राज्य में कांग्रेस की सरकार है।

### पूर्व कमांडर के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक के खिलाफ रक्षा संबंधी संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर गुप्त रूप से हासिल करने और उसे विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने के मामले में बुधवार को आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने यहां एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल अपने आरोपपत्र में शासकीय गोपनीयता अधिनियम के कथित उल्लंघन और संबंधित अपराधों में रघुवंशी और पाठक को आरोपी के रूप में नामित किया है।रघुवंशी और पाठक को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### ईयू को दो टूक: मणिपुर हमारा आंतरिक मामला

**नई दिल्ली।** मणिपुर की स्थिति पर यूरोपीय संसद (ईयू) में निर्धारित चर्चा से पहले भारत ने बुधवार को कहा कि सांसदों को यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यहि पूरी तरह से हमारा आंतरिक मामला है। मणिपुर की स्थिति पर एक प्रस्ताव ब्रसेल्स स्थित यूरोपीय संघ की संसद में रखा गया है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि ईयू में संबंधित सांसदों को स्पष्ट कर दिया गया है कि यह पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है। मणिपुर में करीब दो महीनों से हिंसक संघर्ष की घटनाएं सामने आई हैं। विपक्षी दलों ने सरकार पर इसे नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। क्वात्रा ने कहा कि यूरोपीय संघ की संसद में जो कुछ हो रहा है, उसके बारे में हमें जानकारी है।

## हरिद्वार में उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब



*हरिद्वार। श्रावण माह में कांवड़ यात्रा के तहत गंगा नदी का पवित्र जल लेने बुधवार को हरिद्वार में हर की पौड़ी पहुंचे कांवड़िये।* -पीटीआई

### मौसम में सुधार, राहत एवं बचाव कार्यों पर जोर



**नई दिल्ली।** कई दिनों तक भारी बारिश का दौर झेलने के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में मौसम में सुधार हुआ है, जिसके बाद अधिकारियों ने फंसे हुए पर्यटकों को निकालने, मुख्य मार्गों पर यातायात परिचालन बहाल करने और नए इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने से रोकने के लिए बुधवार को युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, बुधवार रात आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 जबकि पंजाब और हरियाणा में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है।हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा कि राज्य के कसोल में फंसे दो हजार पर्यटकों को निकाल लिया गया।

## पीएम मोदी आज जाएंगे फ्रांस, वापसी में यूएई की करेंगे यात्रा

# फ्रांस के साथ बड़े रक्षा समझौते की उम्मीद, मजबूत होंगे रिश्ते

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 व 14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं । वे फ्रांस यात्रा पूरी करने के बाद लौटते हुए 15 जुलाई को अबू धाबी जायेंगे । विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले माह अमेरिका की यात्रा के बाद पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा को राजनयिक क्षेत्रों में बहुत अहम माना जा रहा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह यात्रा सामारिक, वैज्ञानिक, अकादमिक और आर्थिक सहयोग जैसे विविध क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग का रास्ता तलाशने का अवसर प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री की यह यात्रा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर हो रही है। मोदी 14 जुलाई को फ्रांस में बैस्टिल दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें भारतीय सेना के तीनों अंगों की एक टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है। राष्ट्रपति मैक्रों, प्रधानमंत्री के सम्मान में एक राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे तथा एक निजी रात्रि भोज भी देंगे। दोनों नेताओं के बीच विविधि विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस के प्रधानमंत्री तथा वहां की सीनेट एवं नेशनल एसेम्बली के अध्यक्षों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी यूएई की अपनी यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नह्यान के साथ वार्ता करेंगे।

### भारत के लिए आड़े वक्त का साथी है फ्रांस

फ्रांस के साथ भारत की रणनीति भागीदारी है और वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। भारत ने 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पहल पर परमाणु परीक्षण किए। दुनिया के अधिकांश प्रमुख देशों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम देश एकदम से भारत के खिलाफ हो गए थे, तब फ्रांस ने भारत का साथ दिया।



### EU में है भारत का अहम भागीदार

फ्रांस यूरोपियन यूनियन में भी भारत का अहम भागीदार है। वह सुरक्षा परिषद का भी सदस्य है। दोनों देश परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग करते हैं। फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में काउंटर टेररिज़्म, आतंकियों को प्रतिबंधित करना, मिसाइल कंट्रोल रिजाइम में भारत का साथ देता रहा है।

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ सकती है दोनों देशों में साझेदारी

फ्रांस परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत के साथ साझेदारी बढ़ाना चाहता है। भारत और फ्रांस के बीच परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के विकास पर 2008 में समझौता हुआ था। भारत की योजना फ्रांस के सहयोग से महाराष्ट्र के जैतापुर में 6 परमाणु रिएक्टन बनाने की है।

### राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद पर करार संभव

पीएम मोदी के दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच संभावित रक्षा समझौते पर दुनिया भर की नजर टिकी हुई है। समझा जाता है कि इस यात्रा के दौरान फ्रांस से भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल एम विमानों की खरीद पर समझौता हो सकता है। इन्हें स्वदेश में बने पहले विमानवाहक पोत आईएनएस



विक्रांत पर तैनात करने की योजना है। भारत ने इसके लिए अमेरिकी विमान एफ-18 सुपर हार्नेट व फ्रांसिसी राफेल एम का तकनीकी परीक्षण किया था। इसके अलावा तीन स्कॉर्पीन श्रेणी के पनडुब्बियों की खरीद को लेकर भी घोषणा हो सकती है। सौदों की लागत 90 हजार करोड़ रुपए हो सकती है।

## अनाज व दालों के दाम बढ़े

# खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.81%, तीन माह में सर्वाधिक



एजेंसी | नई दिल्ली

अनाज एवं दालों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीनों के उच्चस्तर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। हालांकि, अब भी यह रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर के भीतर ही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय ने बुधवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए।

मई में खुदरा मुद्रास्फीति 4.31 प्रतिशत रही थी जबकि साल भर पहले जून, 2022 में यह सात प्रतिशत थी।फरवरी से लगातार चार माह तक गिरावट रहने के बाद जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है। इसके पीछे खाद्य उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की अहम भूमिका रही है।

### सब्जियां महंगी, जुलाई में 5.5% हो सकती है दर

खुदरा मुद्रास्फीति के इन आंकड़ों पर रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सब्जियों के दाम बेतहाशा बढ़ने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.3-5.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 5.2 प्रतिशत के पिछले अनुमान से अधिक रह सकती है। नायर ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के मौजूदा रुझान को देखते हुए रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति अगस्त की समीक्षा बैठक में रेपो दर को स्थिर रखने का रुख अपना सकती है।

# अजित पवार व प्रफुल्ल पटेल दिल्ली पहुंचे

एजेंसी| नई दिल्ली

महाराष्ट्र में विभागों के बंटवारे को लेकर गतिरोध के बीच राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक के लिए बुधवार शाम यहां पहुंचे।

राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष पटेल ने यहां पत्रकारों से बातचीत में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन में दरार की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि विभागों के आवंटन के मुद्दे को सुलझा लिया गया है तथा एक-दो दिन में राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। पटेल ने कहा, यह केवल भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से एक शिष्टाचार मुलाकात है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ अजित दादा और मेरी कोई औपचारिक भेंट नहीं हुई है। हम गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। पटेल और अजित पवार के अलावा राकांपा के वरिष्ठ नेता हसन मुश्रीफ भी राष्ट्रीय राजधानी में हैं। हालांकि, पटेल ने कहा कि मुश्रीफ कुछ निजी काम से यहां आए हैं और वह भाजपा नेताओं के साथ बैठक में अजित पवार और उनके साथ शामिल नहीं होंगे। अजित पवार और वह 18 जुलाई को पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे जब भाजपा द्वारा राजग के घटक दलों की बैठक बुलाई गई है।

## जी -20 में बिखरे सांस्कृतिक रंग

**हम्पी।** जी-20 के सांस्कृतिक कार्यकारी समूह की बुधवार को हम्पी में आयोजित बैठक के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार।



## मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल-इस्सा की राष्ट्रपति से भेंट

# बहु-धार्मिक समाज के रूप में विविधता में एकता को मानता है भारत : मुर्मू

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि बहु-सांस्कृतिक, बहु-भाषी, बहु-जातीय और बहु-धार्मिक समाज के रूप में भारत विविधता में एकता को मानता है और 20 करोड़ से अधिक मुसलमान इसे दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश बनाते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बात तब कही जब मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल-इस्सा उनसे भेंट करने राष्ट्रपति भवन आए।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत



सहनशीलता के मूल्यों, चेतना जागृति और अंतर धार्मिक वार्ता को बढ़ावा देने में मुस्लिम वर्ल्ड लीग के योगदान एवं भूमिका की सराहना करता है।

मुर्मू ने कहा, हमारे 20 करोड़ से अधिक मुस्लिम भाई एवं बहन देश को दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत, सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों को काफी महत्व देता है। भारत और सऊदी अरब आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा करते हैं और आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं' करने का आह्वान करते हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ समग्र दृष्टिकोण की जरूरत

दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि आतंकवाद एवं हिंसक चरमपंथ से मुकाबला करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है और यह केवल उदारवादी विचारों से ही संभव है। राष्ट्रपति ने चरमपंथ, हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ डा. अल इस्सा के रूख की सराहना की। अल-इस्सा भारत सरकार के निमंत्रण पर यहां आए हैं। एमडब्लूएल एक अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है।

## मोदी के समावेशी विकास के दृष्टिकोण की सराहना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने समावेशी विकास के प्रति प्रधानमंत्री के चाहतपूर्ण दृष्टिकोण की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चरमपंथ और घृणा के सभी पहलुओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करने के महत्व पर सहमत हुए,



भले ही ऐसी घटनाओं का स्रोत कुछ भी हो। भारत की यात्रा पर आए अल-इस्सा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने अंतरधार्मिक सद्भाव, शांति को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति की दिशा में काम करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

अल-इस्सा ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यावहारिक चर्चा की, जिसमें मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के तरीके और सद्भाव को बढ़ावा देने का महत्व शामिल है।

अल-इस्सा के ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने कहा, मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल-इस्सा से मिलकर खुश हूं। हमने अंतरधार्मिक वार्ता को आगे बढ़ाने, चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला करने, वैश्विक शांति को बढ़ावा देने और भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## रेटिंग एजेंसी ऑरमेक्स ने जारी की जून माह की टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट

# शाहरुख टॉप पर सेकंड सलमान, आमिर खान 5 में भी नहीं



पॉपुलेरिटी के मामले में शहरुख खान आज भी बॉलीवुड के किंग हैं। वे सभी नये, पुराने स्टार्स पर भारी पड़ रहे हैं। पठान की सक्सेस के बाद उनकी पॉपुलेरिटी में वापस से उछाल आया है। उनकी फेन फोलोविंग में जबरदस्त उछाल आया है। डायरेक्टर एटली की अपकमिंग जवान और राजुकमार हिरानी के साथ डंकी ने एसआरके को और हाइप दे दी है। इस बात पर मुहर लगाई है जानी-मानी मीडिया रेटिंग एजेंसी ऑरमेक्स ने। एजेंसी की ओर से हिंदी सिनेमा के टॉप 10 स्टार्स की जारी की गई जून माह की रिपोर्ट में किंग खान टॉप पर हैं। बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान सेकंड पोजिशन पर रहे हैं। उनकी अपकमिंग मूवी टाइगर 3 मोस्ट अवेटेड मूवीज में से एक है। सबसे बड़े खिलाड़ी अक्षय कुमार ने इस लिस्ट में तीसरे पायेदान पर जगह बनाई है। अक्षय अपनी ओएमजी 2 को लकर चर्चाओं में हैं। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से फेमस आमिर खान इस लिस्ट में बहुत नीचे हैं। वे तो टॉप फाइव में भी अपनी जगह नहीं बना पाए। उनका नाम इस लिस्ट में सबसे अखिर में यानी 10वें स्थान पर हैं।

### टॉप 5 में रणबीर कपूर और कार्तिक आर्यन

रणबीर कपूर ने ब्रह्मास्त्र और तू झूठी में मक्कार से अपनी पोजिशन बनाए रखी है। रणबीर इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। उनकी आने वाली फिल्म एनिमल इन दनों खासी चर्चा में है। इस मूवी को लेकर को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। उनका लुक फेंस को काफी लुभा रहा है। इस लिस्ट में पांचवें पायेदान पर जगह बनाई है कार्तिक आर्यन ने। उनकी मूवी सत्य प्रेम की कथा ने उनकी लाज बचा ली। इस मूवी के चलते ही उनकी फेन फोलोविंग वापस बढ़ रही है। इसके साथ ही उन्होंने एक बायोपिक भी साइन की है।

### सिंघम और सिंबा 8वें-9वें नंबर पर

बॉलीवुड के सिंघम अजय देवगन की जून माह में कोई फिल्म नहीं आने की वजह से पॉपुलेरिटी में काफी कमी आई है। वे इस लिस्ट में आठवें नंबर पर हैं। उनकी भेला तो कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी, लेकिन दृश्यम 2 ने सफलता के झंडे गाड़ दिए थे। अजय से एक पायेदान नीचे हैं उनकी कॉप यूनिवर्स का हिस्सा रणवीर सिंह। एक हट को तरस रहे रणवीर सिंह को उनकी आलिया भट्ट के साथ आने वाली मूवी रॉकी और रानी की कहानी से काफी उम्मीद है। करण जौहर के निर्देशन में बन रही इस मूवी को कभी खुशी, कभी गम के जोनर की बताया जा रहा है, ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि शायद यह मूवी रणवीर सिंह के करियर को कुछ सहारा दे। वैसे रणवीर सिंह डॉन फेंचाइजी डॉन 2 में भी एंट्री मारने जा रहे हैं।

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का तीसरा संस्करण कल से

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) का तीसरा संस्करण 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। सभी विदेशी टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों, डेलिगेट्स को आमेर फोर्ट का अद्भुत अनुभव प्रदान करने के लिए 14 जुलाई की शाम को आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें आमेर में साउंड एंड लाइट शो देखने का भी मौका मिलेगा। अगले दिन, 15 जुलाई को आरडीटीएम का आधिकारिक उद्घाटन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में सुबह 10 बजे पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह और



प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन गायत्री राठौड़ द्वारा किया जाएगा। पर्यटन विभाग और एफएचटीआर की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किए जा रहे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट में 15 और 16 जुलाई को पूर्व-संरचित मीटिंग्स और एग्जीबिशन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में होंगी। देश भर से 250 से अधिक डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स राजस्थान के 250 से अधिक प्रदर्शकों के साथ नेटवर्क बनाएंगे, जो अपने 600 से अधिक पर्यटन उत्पादों जैसे होटल, मोटल्स, रिसॉर्ट्स, ईटरीज, हेरिटेज प्रॉपर्टीज, एम्यूजमेंट पार्क आदि की कुशलता और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष मार्ट की थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म' है।

### राजस्थान जिला क्रिकेट चैम्पियनशिप 14 अगस्त से

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन की बुधवार को पोलो क्लब में बैठक आयोजित की गई । बैठक में एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राजस्थान जिला क्रिकेट चैम्पियपशिन कराने पर सभी ने प्रस्ताव को पास किया। सचिव नलिन जैन ने बताया कि तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट 14 अगस्त से संस्कार स्कूल के खेल मैदान में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष अशोक पारीक ने किया कार्यकारिणी का विस्तार



**बेधड़क. जयपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पारीक ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कार्यकारिणी में राजीव कुमार जायसवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, रामधन मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष, लादूराम बलाई संयुक्त सचिव, राम मीणा को जिला अध्यक्ष अलवर, परशुराम मीणा को जिलाध्यक्ष टोंक मनोनीत किया। प्रकोष्ठ के महासचिव रूपनारायण सैनी ने सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## City इवेंट्स

### 'अथ श्री सचिन पायलट कथा' का विमोचन




**बेधड़क. जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब के मीडिया सेंटर में बुधवार दोपहर वरिष्ठ पत्रकार सत्य पारीक की 52वीं पुस्तक 'अथ श्री सचिन पायलट कथा' का विमोचन किया गया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा और गोपाल शर्मा सहित अन्य पत्रकार एवं साहित्यकार शामिल हुए। सत्य पारीक ने कहा कि यह पुस्तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के राजनीतिक संबंधों में हुई उठापटक पर आधारित है। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा ने कहा कि सत्य पारीक के पत्रकार के साथ-साथ लेखक के रूप में स्थापित होने पर उन्हें आशीर्वाद देता हूं। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा ने कहा कि एक वह भी दौर था, जब पत्रकारों से सरकारें आत्मीयता का संबंध रखती थी। आज के दौर में जिस तरह से पत्रकारों की उपेक्षा की जाती है, वह चिंता का विषय है। पुस्तक का संपादन पत्रकार विमल सिंह तंवर ने किया है। समारोह में मंच संचालन पिंक सिटी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष लल्लू लाल शर्मा ने किया।

### टमाटर बने सुनील शेट्टी की मुश्किल

**बेधड़क. जयपुर।** टमाटर के आसमान छू रहे दामों से आम आदमी के अलावा सेलिब्रिटी भी परेशान हैं। सुनील शेट्टी ने कहा कि एक रेस्टोरेंट मालिक होने के तौर पर उन्हें भी टेस्ट के साथ समझौता करना पड़ रहा है। सुनील ने कहा कि वे इन दिनों कम टमाटर खा रहे हैं। सुनील के मुताबिक, लोगों को लगता है कि वे इतने बड़े सुपरस्टार हैं तो ये चीजें उन्हें प्रभावित नहीं करती होंगी, लेकिन ऐसा नहीं है। सुनील का कहना है कि उन्हें भी बढ़ी कीमतों के साथ डील करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि टमाटर के दाम बढ़ने से हमारे किचन पर असर पड़ा है। आज तक से बातचीत में सुनील शेट्टी ने कहा कि मैं और मेरी वाइफ माना सिर्फ एक-दो दिनों का ही सब्जी खरीदते हैं। हमें फ्रेश सब्जियां खाना अच्छा लगता है।

### बिना हीरो की फिल्म ने तोड़े कमाई के रिकॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** कोई हीरो नहीं। बस छह हीरोइनें। बजट भी मात्र पांच करोड़, इसके बावजूद कमाई के मामले में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस हिला डाला। मूवी है मराठी और टाइटल है 'बैपन भारी देवा'। मूवी ने 10 दिनों में 25 करोड़ की कमाई कर डाली है, यानी फिल्म ने बजट से कई गुना ज्यादा बिजनेस कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन करीब 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया था। इसके बाद लगातार फिल्म की कमाई जारी है. 'बैपन भारी देवा' ने दूसरे हफ्ते 13.50 करोड़ कमाए।तीसरे हफ्ते भी फिल्म से बेहतर कमाई की उम्मीद की जा रही है। मूवी में रोहिणी हट्टंगणी, वंदना गुप्ते, सुकन्या कुलकर्णी, सुचित्रा बांदेकर, दीपा परब और शिल्पा नवलकर जैसी एक्ट्रेसेस लीड रोल में हैं। कहा जा रहा है कि ये फिल्म महज 5 करोड़ के बजट में बनकर तैयार हुई है। मूवी ने 30 जून को बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी थी। सिर्फ 10 दिनों में फिल्म कमाई के मामले में कई बिग बजट मूवीज को टक्कर देती नजर आ रही है।

## सेंसर बोर्ड ने सीनस और डायलॉग्स पर जताई आपत्ति

# OMG! यह क्या हुआ... क्या तय तारीख पर आएगी फिल्म?




**बेधड़क | जयपुर**

अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी ओमजी 2 पर अभी से ही संकट के बादल छा गए हैं। सेंसर बोर्ड ने न केवल सींस पर आपत्ति जताई है बल्कि इसके डायलॉग्स पर भी उंगली उठाई है।

इसके साथ ही फिल्म को रिव्यू कमेटी के पास वापस भेज दिया है। यह मूवी 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब जो हालात बन गए हैं उनमें यह तय तारीख को सिनेमाघरों में पहुंच पाएगी इसमें संशय है। फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया था, जिसे अच्छा रिस्पांस मिला था, लेकिन ट्रेन के पानी से शिवजी के अभिषेक को लेकर मूवी लवर्स ने आपत्ति जताई थी। लोगों ने कहा कि इस सीन से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। इस मूवी में अक्षय भगवान शंकर के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ पंकज त्रिपाठी भी दमदार भूमिका में होंगे। पंकज 9पाठी ने इस मूवी में परेश रावल को रिप्लेस किया है। दोनों के किरदारों में फर्क यह है कि परेश रावल जहां ओएमजी में नास्तिक बने थे, वहीं इसके दूसरे पार्ट में पंकज त्रिपाठी आस्तिक बने हैं। यह फिल्म साल 2012 में आई 'ओएमजी- ओह माई गॉड' का सीक्वल है। खास बात यह है कि अरुण गोविल फिल्म में राम का किरदार निभाएंगे।

## बाल मनोभावों की रचनाओं से रोशन हुई महफिल

# 'पतंग जयपुरी, डोर लखनवी और बरेली मांझा, चरखी पकड़े हीर'



**बेधड़क | जयपुर**

पं. जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की ओर से बुधवार को आयोजित 'सर्व साहित्य विशेष संदर्भ बाल साहित्य गोष्ठी' में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। गोष्ठी के दौरान भावों की महफिल में शब्दों के रंग उड़ते प्रतीत हुए। इस मौके पर कई जाने-माने बाल साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी और वाह-वाही लूटी। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शायर और अकादमी के अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र हंस जिला शिक्षा अधिकारी जयपुर ने 'पतंग जयपुरी, डोर लखनवी और बरेली मांझा... चरखी पकड़े हीर..' सुनाकर रंग जमाया। 'हम कल फिर आएंगे...' जैसे भावपूर्ण गीत सत्यदेव संवितेन्द्र जोधपुर ने सुनाए। सोजत से आए शायर अब्दुल समद राही, कोटा से गीतकार भगवती प्रसाद गौतम, मथुरा से आए वरिष्ठ कवि अंजीव अंजुम, गंगानगर से आए अरुण सहरिया, जयपुर से राजेन्द्र मोहन शर्मा, बीकानेर से बुलाकी शर्मा, संगरिया से गोविंद शर्मा, जैसलमेर से ओम प्रकाश भाटिया ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। अकादमी सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि अकादमी अगले सप्ताह से जयपुर के स्कूलों में बाल साहित्य गोष्ठियां शुरू करेगी।

**पुस्तक लोकार्पण** | हरिशंकर परसाई के व्यंग्य संग्रह का बुलाकी शर्मा ने किया राजस्थानी में अनुवाद

# भाषाई अनुवाद से ही सुदृढ़ होती है साझा संस्कृति

**बेधड़क | जयपुर**

वरिष्ठ व्यंग्यकार, कवि फारूक आफरीदी ने कहा कि व्यंग्य पुरोधा हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचनाओं का बुलाकी शर्मा द्वारा राजस्थानी भाषा में अनुवाद हमारे राजस्थानी व्यंग्य साहित्य को समृद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि देश के नामचीन साहित्यकारों की रचनाओं, पुस्तकों के अनुवाद से निश्चय ही मायड़ भाषा के पाठकों को बेहतर साहित्य पढ़ने के अवसर मिलेंगे। इससे साझा संस्कृति मजबूत होती है। आफरीदी यहां पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के



सभा भवन में वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं अकादमी के उपाध्यक्ष बुलाकी शर्मा द्वारा प्रख्यात व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के व्यंग्य संग्रह 'विकलांग श्रद्धा का दौर' के राजस्थानी भाषा में किए गए अनुवाद 'विकलांग श्रद्धा रो दौर' के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परसाई व्यंग्य की पाठशाला थे। उनकी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बुलाकी शर्मा ने उनके व्यंग्य साहित्य का राजस्थानी में प्रशंसनीय अनुवाद कार्य किया है।

### मनुष्य जीवन के पाखंड उजागर होते हैं

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी ने कहा कि आजादी के बाद व्यंग्य को एक समृद्ध विधा के रूप में स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने वाले परसाई के साहित्य अकादमी से पुरस्कृत व्यंग्य संग्रह का बुलाकी शर्मा ने इतनी सिद्धहस्तता से अनुवाद किया है कि मौलिक रचना की अनुभूति होती है। वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं नेहरू बाल अकादमी के सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि परसाई की रचनाओं में विसंगतियों पर प्रहार के साथ मनुष्य जीवन के पाखंड उजागर होते हैं।

### कटाक्ष के साथ ही भाषा का अद्भुत सौन्दर्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेहरू बाल अकादमी के अध्यक्ष एवं गीतकार इकराम राजस्थानी ने कहा कि परसाई के व्यंग्य हर वर्ग के पाठकों में लोकप्रिय हैं। बुलाकी शर्मा के अनुवाद के जरिए राजस्थानी भाषा के पाठक परसाई जी की कालजयी व्यंग्य रचनाओं से संभवतः पहली बार साक्षात करेंगे। अनुवादक बुलाकी शर्मा ने बताया कि राजस्थानी में अनुदित इस पुस्तक मे परसाई जी की 41 व्यंग्य रचनाएं हैं। व्यंग्य लेखन की बारीकियां समझने के लिए हर व्यंग्यकार को हरिशंकर परसाई को पढ़ना चाहिए। उनके व्यंग्य में विसंगतियां,विडम्बनाओं पर कटाक्ष के साथ ही भाषा का अद्भुत सौन्दर्य मौजूद है। कार्यक्रम में कवि-गीतकार सत्यदेव संवितेन्द्र, उपन्यासकार ओम प्रकाश भाटिया, शायर अब्दुल समद राही ने भी विचार रखे। महेश चंद्र गुप्ता ने आभार ज्ञापित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, गुरुवार, 13 जुलाई, 2023



सभी के जीवन में क्षमताएं और अपेक्षाएं अलग होती हैं, इसलिए व्यक्ति जीवन भर संतुष्टि ढूंढ़ता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## अमेरिका: बाढ़ के बावजूद दंपती ने दिखाया मूक जानवरों की सेवा का जज्बा...




मॉन्टपेलियर-वीटी। अमेरिका के इस शहर में बाढ़ आने पर स्टोनक्लिफ वेटरनरी सर्जिकल सेंटर में प्रैक्टिस मैनेजर जोडी केली और उनके पति पशुचिकित्सक डैन केली मंगलवार को एक कुत्ते की ऑर्थोपेडिक सर्जरी के लिए डोंगी (छोटी नाव) से सेंटर पहुंचे और सफल ऑपरेशन के बाद उसी डोंगी से घर लौटे। -पीटीआई

### स्वीडन में कुरान जलाने के खिलाफ उठी आवाज...

# भारत ने यूएनएचआरसी में पाक के प्रस्ताव का किया समर्थन

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

स्वीडन में पवित्र कुरान जलाने की घटना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान एक प्रस्ताव लाया था। इस प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी गई है। भारत ने भी पाकिस्तान के इस प्रस्ताव का समर्थन किया। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक शख्स ने मस्जिद के सामने पवित्र कुरान का अपमान किया था। सभी इस्लामिक देशों के साथ यूरोपीय संघ, पोप फ्रांसिस और खुद स्वीडन की सरकार ने इस घटना की निंदा की थी। यूएनएचआरसी की ओर से ट्वीट किया गया, 'मसौदा प्रस्ताव एल.23 को एक बार पेश किए जाने के बाद मौखिक रूप से संशोधित किया गया था। 57 देशों के संगठन ओआईसी की ओर से पाक ने मसौदा प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें कुछ यूरोपीय और अन्य देशों में पवित्र कुरान को सार्वजनिक रूप से बार-बार जाने की घटनाओं की निंदा की गई थी।




### 12 देशों ने प्रस्ताव का किया विरोध

यूएनएचआरसी में कुल 47 सदस्य हैं। ओआईसी के सिर्फ 19 देश इसमें हैं। पश्चिमी देशों के कुछ राजनयिकों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। चीन ने इस प्रस्ताव पर पाकिस्तान का समर्थन किया। अमेरिका, यूके, फ्रांस, बेल्जियम, जर्मनी, रोमानिया, लिथुआनिया, कोस्टा रीका और फिनलैंड समेत 12 देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया। नेपाल समेत सात देशों ने इस पर मतदान से परहेज किया। कुल 28 देशों ने इसका समर्थन किया है।

### पाकिस्तानी मीडिया गदगद

पाकिस्तानी अखबार डॉन ने प्रस्ताव पास होने को पश्चिमी देशों के लिए एक बड़ी हार करार दिया। इसके साथ ही लिखा कि यूएनएचआरसी में ओआईसी का दबदबा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अमेरिका के स्थाई प्रतिनिधि मिशेल टेलर ने कहा कि इस पहल के बारे में अमेरिका की चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि एक खुली चर्चा और थोड़ा समय देने के बाद हम इस प्रस्ताव पर एक साथ आगे बढ़ने का रास्ता ढूंढ़ सकते थे।'

### नाटो में शामिल हो रहा स्वीडन: रूस के लिए नई टेंशन

# तुर्किये ने वीटो किया खत्म

**एजेंसी** | लंदन

तुर्किये ने एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर अपना वीटो समाप्त कर दिया है, जिससे सैन्य गठबंधन में उसकी सदस्यता की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।

हंगरी ने तुरंत इसका अनुसरण किया और दोनों देशों के समर्थन के परिणामस्वरूप, लिथुआनिया के विनियस में 2023 नाटो शिखर सम्मेलन में एक आम सहमति बन पाई। तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन का स्वीडन के शामिल होने के प्रयास का समर्थन करने पर सहमत होना शिखर सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धियों में से एक माना जाएगा।

स्वीडन ने फिनलैंड के साथ मई 2022 में सदस्यता के लिए अपना औपचारिक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे अप्रैल 2023 में गठबंधन में शामिल किया गया। हालांकि, स्वीडन एक औपचारिक सदस्य नहीं है, 1994 में गठबंधन के शांति कार्यक्रम में शामिल होने के बाद से लगभग 30 वर्षों तक नाटो के साथ उसका बहुत करीबी रिश्ता रहा है। इसने नाटो मिशनों में योगदान दिया है। इसने यूरोपीय नाटो सहयोगियों के साथ मिलकर काम किया है।




### तुर्किये ने क्यों खत्म की आपत्ति

पिछले कुछ वर्षों से नाटो के साथ तुर्किये के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। स्वीडन की सदस्यता पर तुर्किये की आपत्तियां स्पष्ट रूप से कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके के प्रति स्वीडन की नीति पर उसकी चिंताओं से जुड़ी थीं। तुर्किये ने स्वीडन पर कुर्द आतंकियों को शरण देने का आरोप लगाया है। नाटो ने इसे एक वैध सुरक्षा चिंता के रूप में स्वीकार किया है और स्वीडन ने नाटो की सदस्यता हासिल करने के प्रयास के रूप में रियायतें दी हैं।

### पुतिन के दो रणनीतिक उद्देश्य हो गए फेल

यह इस बात का भी अधिक प्रमाण है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन अपने दो रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल रहे हैं। पहला गठबंधन में एकजुटता को कमजोर करना और दूसरा नाटो को आगे बढ़ने से रोकना। रूस की सीमा पर स्थित फिनलैंड और स्वीडन के संगठन में शामिल होने का यह महत्वपूर्ण परिचालन महत्व है कि नाटो रूसी आक्रामकता के खिलाफ मित्र देशों की रक्षा कैसे करता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि रूस को अपनी संपूर्ण पश्चिमी सीमा पर शक्तिशाली और अंतर-संचालनीय सैन्य बलों से मुकाबला करना पड़ेगा।

## पाकिस्तान: घर में भीषण आग, 10 लोगों की मौत

**एजेंसी** | लाहौर

लाहौर के एक घर में बुधवार को भीषण आग लगने से एक परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह बच्चे शामिल हैं।

घटना लाहौर के भाटी गेट इलाके में बुधवार तड़के फ्रिज का कंप्रेसर फट जाने से हुई। बचाव अधिकारियों ने कहा कि घर में धुआं निकलने के लिए कोई जगह नहीं थी।

### पूर्व ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन 8वीं बार बने पिता

# तीसरी पत्नी ने बेटे को दिया जन्म

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की पत्नी कैरी ने पिछले सप्ताह एक बेटे को जन्म दिया है। कैरी ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

35 वर्षीय कैरी ने पोस्ट में लिखा, '5 जुलाई को सुबह सवा 9 बजे फ्रैंक अल्फर्ड ओडीसियस जॉनसन का दुनिया में स्वागत किया। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन



हॉस्पिटल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा की अविश्वसनीय मातृत्व टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। वे वास्तव में सबसे अद्भुत देखभाल करने वाले लोग हैं। मैं अत्यंत कृतज्ञता महसूस कर रही हूं। बोरिस जॉनसन और कैरी ने मई 2021 में शादी की थी। उनके पहले बेटे विल्फ का जन्म अप्रैल 2020 में हुआ था। बेटी रोमी का जन्म दिसंबर 2021 में हुआ था। बोरिस जॉनसन की तीन महिलाओं से यह आठवीं संतान है। इन महिलाओं में भारतीय मूल की उनकी पूर्व पत्नी मारिना व्हीलर भी शामिल हैं। 59 साल के जॉनसन ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के बैलिओल कॉलेज से पढ़ाई की है।

# सौर तूफान कर देगा इंटरनेट का खात्मा!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

सूर्य 2025 में अपने सोलर चक्र के चरम पर पहुंचने वाला है। इस दौरान एक विनाशकारी सोलर तूफान पृथ्वी से टकरा सकता है। इसके कारण इंटरनेट में खराबी हो सकती है। सोशल मीडिया पर इसके लिए 'इंटरनेट सर्वनाश' जैसे शब्द इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

नासा इन अफवाहों को लेकर लगातार सूचना जारी कर रही है। हालांकि सूर्य का सोलर चक्र 25 बार हो चुका है। इसमें पूर्वानुमान की तुलना में अधिक सनस्पॉट और विस्फोट देखे गए हैं। सौर तूफान से इंटरनेट के खत्म होने की संभावना पर नासा ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन आखिर अचानक इस तरह की चर्चा क्यों शुरू हो गई। क्या यह सिर्फ एक भ्रम है? वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरी तरह काल्पनिक नहीं है।



### इंटरनेट खत्म हुआ तो क्या करेंगे!

कैलिफोर्निया में यूनिवर्सिटी ऑफ कंप्यूटर साइंस की प्रोफेसर संगीता अब्दु ज्योति कहा, 'आज हमारी दुनिया इंटरनेट से जुड़ी है। हमें नहीं पता कि सौर तूफानों का बुनियादी ढांचे पर कैसा प्रभाव पड़ेगा।' ज्योति ने ही सर्वप्रथम 'इंटरनेट सर्वनाश' शब्द का प्रयोग किया था। सोशल मीडिया पर लोग पूछ रहे हैं कि अगर इंटरनेट बंद हुआ तो वह क्या करेंगे? एक व्यक्ति ने लिखा, 'अगर 2025 में इंटरनेट खत्म हो गया तो हम अपने घर से बाहर निकलेंगे।'

### मैग्नेटिक पल्स डाल सकते हैं दुष्प्रभाव

सौर तूफानों में इलेक्ट्रो मैग्नेटिक पल्स होते हैं, जो बड़े होने पर पृथ्वी पर विनाशकारी प्रभाव डाल सकते हैं। अमेरिका के नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (नोआ) के प्रवक्ता के मुताबिक 'सूर्य के सौर चक्रों पर नजर रखने और भविष्यवाणी करने से सभी प्रकार के अंतरिक्ष मौसम तूफानों की फ्रीक्वेंसी का एक मोटा अंदाजा मिलता है। सौर तूफान से रेडियो ब्लैकआउट या पावर ग्रिड फेलियर हो सकता है। कई उद्योग इसका उपयोग सौर मौसम का पृथ्वी पर प्रभाव जानने के लिए करते हैं।'

### बलूचिस्तान में पाक सेना पर टीजेपी का भीषण हमला

# चार सैनिकों की मौत, 15 घायल

**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान के आतंकियों ने सेना के ठिकाने पर भीषण हमला किया है। इसमें कम से कम 9 सैनिकों के मारे जाने की खबर है। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने अभी केवल 4 सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि 5 जवानों की हालत बहुत गंभीर है। बताया जा रहा है कि 5 आतंकियों ने बलूचिस्तान के झोब में सैन्य ठिकाने पर हमला करके उस पर कब्जा करने की कोशिश की।

दोनों पक्षों के बीच अभी जोरदार गोलीबारी जारी है। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि अभी भी दो आतंकियों ने सैन्य ठिकाने के अंदर मोर्चा संभाल रखा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुल 9 सैनिक मारे गए हैं और कम से कम 15 बुरी तरह से घायल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह हमला सुबह करीब 7 बजे शुरू हुरू हुआ और अभी भी जारी है। टीजेपी के प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि आतंकियों ने सुबह-सुबह हमला किया और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। इस घटना के वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि दोनों तरफ से जोरदार हमले किए जा रहे हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl